जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 49 संख्याः 263 प्रभात कोटा, शनिवार 6 जुलाई, 2024 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा व कांग्रेस के "कई ब्रॉण्ड" धराशायी हुए

## कांग्रेस के दो "ब्रॉण्ड", अशोक गहलोत व कमलनाथ, राजनीति की दृष्टि से खत्म हो गये

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5जुलाई। इस वर्ष (2024) के चुनावों ने राष्ट्रीय तथा प्रान्तीय दोनों ही स्तरों पर कई ब्रान्ड काफी हद तक धराशायी कर दिये हैं।

इस चुनाव ने राष्ट्रीय स्तर पर ब्रान्ड नरेन्द्र मोदी को उनके ऊँचे आसन से नीचे उतार दिया तथा वे नीचे ही आते जा रहे हैं।

जहां तक कांग्रेस का प्रश्न हैं, दो बड़े ब्रान्ड धूल चाट गए हैं और राजनैतिक रूप से अपने अन्त के निकट हैं।

राजस्थान के कांग्रेस नेता अशोक गहलोत, जो कांग्रेस के अर्थतन्त्र में एक सुपरिचित ब्रान्ड थे, आज हाशिये पर पहुँच चुके हैं।

राजस्थान तथा ए.आई.सी.सी. दोनों ही जगह प्रायः सुनाई देने लगा है- 'एक अशोक गहलोत था'।

अभी हाल ही समाप्त हुये लोकसभा चुनावों में, अशोक गहलोत अपने पुत्र तक की जीत सुनिश्चित नहीं कर सके। वैभव गहलोत दूसरी बार हारे हैं।

राजस्थान कांग्रेस के कुछ लोगों का कहना हैं कि अगर गहलोत नहीं रहे होते

- गहलोत, दोबारा अपने पुत्र वैभव गहलोत को चुनाव जितवाने में नाकामयाब रहे। बल्कि, राजनीतिक हल्कों में तो चर्चा यहां तक है कि, अगर अशोक अपने पुत्र का चुनाव इतना "माइक्रो मैनेज" नहीं करते तो शायद वैभव सहानुभूति के कारण बेहतर प्रदर्शन कर पाते और यह स्थिति नहीं आती कि, अब पार्टी में पूर्व मु.मंत्री गहलोत की जब चर्चा होती है, तो यह शब्द प्रायः सुने जाते हैं कि, "एक अशोक गहलोत था।"
- इस प्रकार कमलनाथ, अपनी पुरानी सीट छिंदवाड़ा से हारे। 1953 से कांग्रेस पार्टी छिंदवाड़ा से लगातार जीतती आ रही थी। इसके अलावा कमलनाथ के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी सीटों पर विजयी हुई। कमलनाथ की स्थिति तो इतनी गड़बड़ थी कि, एक बार तो गंभीरता से चर्चा चली थी कि, कमलनाथ व उनके पुत्र भाजपा जॉइन कर रहे हैं।
- भाजपा में सबसे ज्यादा नुकसान प्र.मंत्री मोदी की ब्रॉण्ड वैल्यू को हुआ और भाजपा 63 सीटें पर हारी, जो पिछले चुनाव में भाजपा ने जीती थीं।

तथा अपने बेटे अपने बलबूते पर ही चुनाव लड़ने दिया होता, तो वे जीत भी सकते थे किन्तु अशोक गहलोत के माइक्रो प्रचार-प्रबन्धन के हावी रहने के कारण उनके बेटे की पराजय हो गई।

गहलोत ने अपने बेटे के चुनाव क्षेत्र में सचिन पायलट को प्रचार नहीं करने दिया, जिसके कारण में पार्टी में यह प्रबल सन्देश गया कि गहलोत राज्य में अपने धुर-विरोधी प्रतिद्वन्द्वी के साथ कभी भी मिलकर काम नहीं कर सकते।

गहलोत द्वारा दी गई कुछ गलत टिकटों के कारण कांग्रेस कुछ ज्यादा सीटें हार गई, अन्यथा कांग्रेस की सीटों की संख्या और भी ज्यादा रही होती।

अशोक गहलोत, जो इस समय अस्वस्थ बताये जा रहे हैं, अब इंडिया गठबन्धन का चेयरमैन बनने के लिये समर्थन हासिल करने की कोशिश में हैं तथा उन्हें आशा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे इस काम में उनकी मदद करेंगे।

गहलोत के लिये इस बात को पचाना मुश्किल हो रहा है कि सचिन पायलट कांग्रेस के नवोदित सितारे हैं क्योंकि वे भारी भीड़ भी जुटा लेते हैं तथा इसके साथ ही, अपने क्षेत्र में सीटें भी जीत लेते हैं। दुःख की बात यह है कि अशोक गहलोत के बारे में ये बातें नहीं कही जा सकतीं।

एक अन्य बड़े कांग्रेस नेता, जो अब चुक गये हैं वे हैं ब्रान्ड कमल नाथ। अनेक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पूर्व विधायक मलिंगा की जमानत रद्द

जयपुर, 5 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने बिजली कंपनी के ए.ई.एन. से मारपीट और एस.सी./ एस.टी. केस से जुडे मामले में पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को दी गई जमानत रद्द कर दी है। इसके साथ ही अदालत ने मलिंगा को तीस दिन में सरेंडर करने को कहा है। जस्टिस फरजंद अली की एकलपीठ ने यह आदेश पीड़ित ए.ई.एन. हर्षाधिपति की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने याचिका पर गत 15 मार्च को पक्षकारों की बहस सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया

- राजस्थान हाई कोर्ट ने बिजली कंपनी के ए.ई.एन. से की गई मारपीट और एस.सी./एस.टी. केस में पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को दी गई जमानत रद्द करते हुए उन्हें 30 दिन में सरैंडर करने के आदेश दिए हैं।

था। अदालत ने माना कि मलिंगा ने अदालत से मिली जमानत का दुरुपयोग किया है। अदालत ने 17 मई, 2022 को मलिंगा को प्रकरण में जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए थे।

याचिका में अधिवक्ता अजय कुमार जैन ने बताया कि 29 मार्च, 2022 को बाडी थाने में स्थानीय विधायक मलिंगा और उनके समर्थकों के खिलाफ याचिकाकर्ता पर हमला और मारपीट का मामला दर्ज किया था। घटना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दोनों राजधानियों, लंदन व वॉशिंगटन में दो भारतीय मूल के राजनीतिज्ञ चर्चाओं में छाये हैं

## ऋषि सुनक अपना प्र.मंत्री पद छोड़ने के कारण और कमला हैरिस डैमोक्रेटिक पार्टी की ओर से अमेरिका के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने की संभावना के कारण

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जुलाई। यह दो शहरों की दास्तां है: लंदन और वॉशिंगटन। लेकिन, इसमें थीम साँग एक ही है। अनौपचारिक रूप से प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति बनने के लिए दो राजनीतिज्ञ उभरकर आए हैं, इस पद को पाने के लिए आतुर हजारों की भीड़ में से। पर फिर भी इस कहानी में दोनों शहरों में राजनीति की धाराएं भिन्न हैं।

ब्रिटेन के पहले एशियन प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, भारी उतार चढ़ाव व उथल-पुथल वाले दो वर्षों के बाद पद से हट रहे हैं। सुनक के नेतृत्व में कंजर्वेटिव पार्टी को भारी हार का सामना करना पड़ा तथा मतदाता भारी संख्या में लेबर पार्टी की तरफ चले गए।

उधर अमेरिका में, राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का नाम लिया जा रहा है, जो वर्तमान में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की रनिंग मेट हैं।

राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच डिबेट के दौरान उनके लगभग विक्षिप्त से प्रदर्शन के बाद डैमोक्रेटिक पार्टी को यकीन हो गया है कि बाइडन जिताऊ

- अमेरिका की डैमोक्रेटिक पार्टी का मन बन सा गया है कि, वर्तमान राष्ट्रपति बाइडन अगली बार पुनः राष्ट्रपति पद संभालने के लिये उपयुक्त नहीं हैं, बढ़ती उम्र के कारण।
- एक वरिष्ठ डैमोक्रेटिक पार्टी के नेता ने इस मुद्दे पर टिप्पणी की कि, "कमला हैरिस शायद बैस्ट उम्मीदवार नहीं हैं, पर, वे ही एकमात्र रियलिस्टिक (व्यवहारिकता की दृष्टि से) सही उम्मीदवार हैं।
- ऋषि सुनक दो साल तक ब्रिटेन के प्र.मंत्री रहने के बाद, उनकी पार्टी के चुनाव हार जाने के कारण अपना पद छोड़ रहे हैं। ब्रिटेन के अखबार उनके जाने के कारणों का विश्लेषण करने में व्यस्त हैं तथा सुनक के कार्यकाल पर मीडिया का फोकस बना हुआ है।

उम्मीदवार नहीं है। सी.एम.एम. के अनुसार एक दस्तावेज में कहा गया है, "इस मुश्किल से बाहर आने का एक रास्ता है और वो है कमला हैरिस। डैमोक्रेटिक "लैजिटीमैसी" पर सर्वाधिक सशक्त दावा कमला हैरिस का है। वो एकमात्र कैन्डिडेट है जो इस समय बागडोर अपने हाथों में ले सकती है, बजाय अगस्त के अंत में। उनके कई महत्वपूर्ण चुनावी लाभ हैं वो जीत सकती हैं।"

यदि वो चुनी गई तो यह दूसरा व्यक्ति होगा जो अपने "अडॉप्टेड" देश में उच्चतम पद पर आसीन होगा।

ब्रिटेन में, ऋषि सुनक ऐसे संकट के समय में प्रधानमंत्री बने जब तत्कालीन प्रधानमंत्री कोविड प्रतिबंधों के दौरान "पार्टियाँ" करने के बारे में झूठ बोलने के कारण सारी विश्वसनीयता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# डॉ. सतीश पूनिया हरियाणा में भाजपा के प्रभारी नियुक्त



डॉ. सतीश पूनिया

जयपुर, 5 जुलाई (का.सं.)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 24 राज्यों के लिए प्रभारी और सह प्रभारियों नियुक्ति कि घोषणा की। प्रदेश

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने 24 राज्यों में प्रभारी व सह प्रभारियों की नियुक्त की।

के पूर्व भाजपा अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया को भाजपा ने हरियाणा में विधानसभा चुनावों से पहले बड़ी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महुआ मोइत्रा ने एक बार फिर बहुत ही हल्की टिप्पणी की

## उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के लिये कहा, वे बहुत व्यस्त थीं, अपने बॉस का पायजामा थामने में

- श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जुलाई। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा एनसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन रेखा शर्मा के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणी के कारण विवादों में घिर गई हैं। कृष्णानगर सांसद ऐसी पहली तथा अन्तिम राजनेता नहीं हैं जो विवादास्पद टिप्पणियों के चलते सार्वजनिक चर्चा का विषय बन गई हैं।

मोइत्रा की टिप्पणी उस वीडियो के बाद आई है, जिसमें शर्मा को हाथरस के भगदड़ वाले स्थल पर जाते दिखाया गया है। वे खाली हाथ चल रही हैं तथा एक सुरक्षाकर्मी बरसात से बचाने के लिए उन पर छाता लगाये हुए चल रहा है। इस वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए, मोइत्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर टिप्पणी की है: "वह अपने बॉस का पायजामा पकड़ने में व्यस्त हैं।" एन.सी.डब्ल्यू. ने इस टिप्पणी की निन्दा

- यह टिप्पणी उन्होंने उस समय कि, जब रेखा शर्मा हाथरस में भगदड़ के कारण हुई त्रासदी की जगह का निरीक्षण कर रही थीं तथा एक सुरक्षाकर्मी ने बूंदाबांदी के कारण उन पर एक छाता तान रखा था तथा रेखा शर्मा के दोनों हाथ फ्री थे, जब वे चल रही थीं।

की है तथा उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस में एक एफ.आई.आर. दर्ज करा दी है। इसके अलावा, एन.सी.डब्ल्यू. ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को एक पत्र लिखकर कहा है कि वे इस मुद्दे पर उचित ध्यान दें। राजनेता, सरकारी अधिकारी तथा सार्वजनिक हस्तियाँ प्रायः इस प्रकार की अशोभनीय टिप्पणियों के शिकार होते रहते हैं। वर्ष 2017 में, जे.डी.यू. नेता स्व. शरद यादव की एक विवादित टिप्पणी अखबारों की सुर्खी ब गई थी। उन्होंने कह दिया था- "वोट का सम्मान पुत्री के सम्मान से भी ऊपर हैं।" कुछ साल पहले, भाजपा नेता विनय कटियार एक टिप्पणी करते हुये विवाद को न्यौता दे दिया था। उन्होंने कह दिया था, "प्रियंका गांधी से ज्यादा खूबसूरत स्टार प्रचारक और भी हैं। पूर्व लोकसभा सांसद तथा कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने तत्कालीन थल सेना प्रमुख बिपिन रावत के बारे में बोलते हुए, उन्हें "सड़क का गुन्डा" कह दिया था। भाजपा नेता संगीत सोम ने एक बयान दिया था कि ताजमहल को ढहा दिया जाना चाहिए क्योंकि यह देशद्रोहियों द्वारा बनवाया गया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा नेता आजम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# पहली बार लेबर पार्टी ने विदेश नीति में "एंटी इंडिया" झुकाव को स्वीकार किया

## ब्रिटेन के नये प्र.मंत्री, लेबर पार्टी के नेता, स्टारमर ने पद संभालते ही भारत को विश्वास दिलाया कि, अब लेबर पार्टी पुरानी लेबर पार्टी नहीं है तथा अब लेबर पार्टी भारत के साथ नये रिश्ते कायम करेगी, जो आपसी विश्वास व प्रजातंत्रीय मान्यताओं पर आधारित होंगे।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 जुलाई। युनाइटेड किंगडम (यू.के.) भारत के साथ रिश्ते सुधारने और एक उचित संबंध बनाने जा रहा है। दोनों देशों के विदेश नीति निर्माताओं के मन में इसे लेकर एक उम्मीद की किरण है। उम्मीद की जाती है कि यू.के. नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टारमर अपने चुनाव घोषणा के अनुरूप भारत के साथ एक "नई राजनीतिक साझेदारी" की प्रतिबद्धता को पूर्ण करेंगे जिसमें यू.के. और भारत

- प्र.मंत्री स्टारमर के अनुसार ब्रिटेन में हिन्दू फोबिया" के लिये कोई जगह नहीं है।
- स्टारमर ने यह भी कहा कि, कश्मीर के मुद्दे पर भी लेबर पार्टी "एक्स्ट्रीमिस्ट" (अतिवादी) विचार व विचारकों को स्थान नहीं देगा, क्योंकि इन विचारों से ब्रिटेन-भारत संबंधों में बेवजह कटुता व निराशा आती है।

के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमैंट (एफ.टी.ए.) को मूर्त रूप दिया जाना भी शामिल है।

स्टारमर ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान भारत के साथ संबंध मजबूत करने का संकेत देते हुए उसके साथ यथोचित रिश्तों के महत्व पर बल दिया था। उनके चुनाव घोषणा पत्र में भारत के साथ एक नवीन रणनीतिक साझेदारी की दिशा में काम करने सहित दोनों देशों के बीच फ्री ट्रेट एग्रीमैंट के संकेत थे। स्टारमर ने ब्रिटेन के विभिन्न मंदिरों में दर्शन कर वहां के बढ़ते हिंदू वोटों को लुभाने का दृढ़ प्रयास किया। यद्यपि, उनका यह रूख पार्टी के पूर्व नेता जेरेमी कोर्बिन के दृष्टिकोण से बिल्कुल अलग था।

स्टारमर अपने चुनाव प्रचार के दौरान व्यापार, तकनीकी, पर्यावरण और सुरक्षा अभियानों तक व्यापक, यू.के. और भारत के मजबूत संबंधों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

जो काम घड़ों जल से नहीं होता उसे दवा के दो घूँट कर देते हैं और जो काम तलवार से नहीं होता वह काँटा कर देता है। –सुदर्शन

# सालाना तीस लाख जिंदगियां निगल रही है शराब

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शराब को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। इस संबंध में संगठन ने अपनी एक ताज़ा रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि शराब की वजह से हर साल करीब 30 लाख लोगों की मौत होती है।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में मृत्यु दर में थोड़ी कमी आई है। इस नए रिपोर्ट को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि आंकड़ें भले ही कम हो रहे हों लेकिन यह अभी भी 'अस्वीकार्य रूप से उच्च' बनी हुई है। शराब और स्वास्थ्य पर पेश इस नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब से सेवन से हर साल दुनिया भर में 20 में से लगभग एक मौत शराब पीने के कारण होती है। शराब पी के गाड़ी चलाने, शराब के कारण होने वाली हिंसा और दुर्व्यवहार और कई तरह की बीमारियों और विकारों के कारण यह मौत होती है। शराब का नशा कम समय में बहुत अधिक शराब पीने से जुड़ी एक स्थिति है। इसे शराब पॉयसन भी कहा जाता है। शराब का नशा गंभीर है यह आपके शरीर के तापमान, श्वास, हृदय गति और गैग रिफ्लेक्स को प्रभावित करता है।

यह कभी-कभी कोमा या मृत्यु का कारण भी बन सकता है। शराब का नशा कम समय में जल्दी हो सकता है। जब कोई व्यक्ति शराब का सेवन कर रहा होता है, तो अलग-अलग लक्षण दिखाई दे सकता हैं। ये लक्षण नशे के विभिन्न स्तरों, या चरणों से जुड़े होते हैं।

नशाखोरी इस सदी की सबसे बड़ी समस्या है जिसमें शराब का नशा प्रमुख है। आज युवा वर्ग शराब के नशे में खोता जा रहा है। युवाओं में तेजी से बढ़ रही शराब की लत को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ समय-समय सचेत करते रहते हैं। शराब का सेवन शरीर को गंभीर क्षति पहुंचा सकता है। युवाओं के बीच शराब का सेवन एक चलन सा चल पड़ा है। शराब एक नशीला पदार्थ है, जिसको एक प्रकार का अवसाद भी माना जाता है। शराब जैसे तन मन और परिवार को खोखला करने वाली की लत उन्हें बर्बाद कर रही है। शुरू में युवा शौक के तौर पर शराब का सेवन करता है और बाद में नशे की मांग पूरी करने के लिए तस्करी और गैर सामाजिक कार्य के कारोबार में फंस जाता है। देश में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के 31.2 फीसदी लोग शराब का सेवन करते हैं। इनमें से 3.8 फीसदी वो लोग भी हैं जो इसकी लत का बुरी तरह शिकार हैं और आए दिन बड़ी मात्रा में शराब पीते हैं, जबकि 12.3 फीसदी वो हैं जो कभी-कभार काफी ज्यादा शराब पीते हैं। युवा लोगों में शराब पीने की लत तो बढ़ ही रही थी, अब पीकर बेहोश होने का नया चलन शुरू हो गया है। आजकल के बदलते लाइफस्टाइल में हमारे देश में नशा एक ऐसा अभिशाप बन कर उभर रहा है जो हमारे युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेता जा रहा है। साल-दर-साल इन युवाओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। युवाओं में शराब जैसे खतरनाक नशे के बढ़ते चलन के पीछे बदलती जीवनशैली, अकेलापन, बेरोज़गारी और आपसी कलह जैसे अनेक कारण हो सकते हैं।

**युवाओं में नशा करने की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते शहरी और ग्रामीण अंचल में आपराधिक वारदातों में काफी इजाफा हो रहा है। शराब के साथ नशे की दवाओं का उपयोग कर युवा वर्ग आपराधिक वारदातों को सहजता के साथ अंजाम देने लगे हैं। हिंसा, बलात्कार, चोरी, आत्महत्या आदि अनेक अपराधों के पीछे नशा एक बहुत बड़ी वजह है। शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए एक्सीडेंट करना, शादीशुदा व्यक्तियों द्वारा नशे में अपनी पत्नी से मारपीट करना आम बात है।**

युवाओं में तेजी से बढ़ रही शराब की लत को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञ समय-समय सचेत करते रहते हैं। शराब का सेवन शरीर को गंभीर क्षित पहुंचा सकता है। युवाओं के बीच शराब का सेवन एक चलन सा चल पड़ा है। शराब एक नशीला पदार्थ है, जिसको एक प्रकार का अवसाद भी माना जाता है।


एक सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पांच में से एक शख्स शराब पीता है। सर्वे के अनुसार 19 प्रतिशत लोगों को शराब की लत है। जबकि 2.9 करोड़ लोगों की तुलना में 10-75 उम्र के 2.7 प्रतिशत लोगों को हर रोज ज्यादा नहीं तो कम से कम एक पेग जरूर चाहिए होता है और ये शराब के लती होते हैं। सर्वेक्षण के अनुसार देशभर में 10 से 75 साल की आयु वर्ग के 14.6 प्रतिशत यानी करीब 16 करोड़ लोग शराब पीते हैं। छत्तीसगढ़, त्रिपुरा, पंजाब, अरुणाचल प्रदेश और गोवा में शराब का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है।

इस सर्वे की चौंकाने वाली बात यह है कि देश में 10 साल के बच्चे भी नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में शामिल हैं। एक अन्य सर्वे के मुताबिक भारत में गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लगभग 37 प्रतिशत लोग नशे का सेवन करते हैं। इनमें ऐसे लोग भी शामिल है जिनके घरों में दो जून रोटी भी सुलभ नहीं है। जिन परिवारों के पास रोटी-कपड़ा और मकान की सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा सुबह-शाम के खाने के लाले पड़े हुए हैं उनके मुखिया मजदूरी के रूप में जो कमा कर लाते हैं वे शराब पर फूंक डालते हैं। इन लोगों को अपने परिवार की चिन्ता नहीं है कि उनके पेट खाली हैं और बच्चे भूख से तड़फ रहे हैं। ऐसे लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। ये लोग कहते हैं वे गम को भुलाने के लिए नशे का सेवन करते हैं। उनका यह तर्क कितना बेमानी है जब यह देखा जाता है कि उनका परिवार भूखे ही सो रहा है। युवाओं में नशा करने की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते शहरी और ग्रामीण अंचल में आपराधिक वारदातों में काफी इजाफा हो रहा है। शराब के साथ नशे की दवाओं का उपयोग कर युवा वर्ग आपराधिक वारदातों को सहजता के साथ अंजाम देने लगे हैं। हिंसा, बलात्कार, चोरी, आत्महत्या आदि अनेक अपराधों के पीछे नशा एक बहुत बड़ी वजह है। शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए एक्सीडेंट करना, शादीशुदा व्यक्तियों द्वारा नशे में अपनी पत्नी से मारपीट करना आम बात है। शराब पीने से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जिनमें लीवर का सिरोसिस और कुछ कैंसर शामिल हैं।

रिपोर्ट में पाया गया कि 2019 में इसके कारण हुई सभी मौतों में से लगभग 1.6 मिलियन गैर-संचारी रोगों से हुई थीं। इनमें से 474,000 हृदय संबंधी बीमारियों से, 401,000 कैंसर से और 724,000 लोग यातायात दुर्घटनाओं और खुद को नुकसान पहुंचाने सहित चोटों से हुई थीं। रिपोर्ट में पाया गया कि शराब का सेवन करने से लोग तपेदिक, एचआईवी और निमोनिया जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 6 जुलाई, 2024



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, शुकल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, पुनर्वसु नक्षत्र रात्रि 4:48 तक, व्याघात योग रात्रि 2:47 तक, किस्तुघ्न करण सांय 4:27 तक, चन्द्रमा रात्रि 10:34 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-मेष, बुध-कर्क, गुरू-वृष, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज शुक्र कर्क राशि में रात्रि 4:31 पर प्रवेश करेगा। आज से गुप्त नवरात्रा आरम्भ होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:24 से 9:07 तक, चर 12:31 से 2:13 तक, लाभ-अमृत 2:13 से 5:38 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:42, सूर्यास्त 7:20

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मानसिक तनाव बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**तुला**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब होगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**मकर**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# जालोर में कृषि भूमि पर बिना किसी भू-रूपानांतरण के काटी जारी कॉलोनियां

## राज्य सरकार के आदेश हैं कि कृषि भूमि पर बिना भू-रूपानान्तण के किसी प्रकार से भूखण्ड का बेचान आदि नहीं किया जा सकता है



जालोर में बिना भू-रूपानान्तरण के कृषि भूमि पर प्लॉटिंग की गई।

**■ जालोर में प्रशासनिक उदासीनता के चलते कृषि भूमि पर कॉलोनियां काटकर भूखण्ड बेचे जा रहे हैं**

**जालोर,** (कासं)। जालोर में भू-माफिया की ओर से बिना किसी भू-रूपानान्तरण किये कृषि भूमि पर कॉलोनियां नियम विरूद्ध काटी जा रही है। जबकि राज्य सरकार के आदेश है कि कृषि भूमि पर बिना भू- रूपानान्तण के किसी प्रकार से भूखण्ड का बेचान आदि नहीं किया जा सकता है।

जालोर में प्रशासनिक उदासीनता के चलते जालोर शहर के आसपास कृषि भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा नियम विरूद्ध बिना किसी प्रकार से भू-रूपानान्तरण किये कॉलोनियां काटकर भूखण्ड बेचे जा रहे हैं। जबकि राज्य सरकार के आदेशानुसार बिना भू-रूपानान्तण किये किसी भी प्रकार से कृषि भूखण्ड पर कॉलोनियां नही काटी जा सकती है। वहीं कृषि भूखण्ड पर कॉलोनियां काट कर उसकी बेचाननामा करवाने को लेकर जिला कलैक्टर जालोर द्वारा रोक लगा रखी है।

इसके बावजूद जालोर में कृषि भूखण्ड का बेचाननामा दस्तावेज बन रहे हैं। जालोर शहर के केशवना रोड़ स्थित केजीएन कॉलोनी के पास खसरा नम्बर 1174 में भू-माफिया द्वारा भू रूपानान्तरण किये बिना कृषि भूखण्ड पर कॉलोनियां काट दी। ऐसे में धीरे-धीरे कृषि भूमि समाप्त होती नजर आ रही है। वहीं कई जगह तो भू-माफिया संयुक्त कृषि भूमि पर बिना बंटवारा किये भी कॉलोनियां काटने से आने वाले समय विवाद को जन्म देते नजर आ रहे हैं।

संयुक्त खातेदार देवाराम सरगरा ने बताया कि उसकी संयुक्त खाते भूमि केशवना रोड पर आई है। जिसका बंटवारा का वाद एसडीएम कोर्ट जालोर में चला रहा है। इसके बावजूद हमारी संयुक्त खातेदारी भूमि पर भू-माफियाओं ने हमारी जमीन पर भूखण्ड काट दिये, जिसको लेकर पुलिस में रिपोर्ट दी है।

# कायलाना की पहाड़ियों में लेपर्ड का शव मिला

**■ लेपर्ड की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है**

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में पिछले कई दिनों से कायलाना और आसपास की पहाड़ियों में घूम रहे लेपर्ड का शव माचिया बायोलॉजिकल पार्क के समीप मिला। फिलहाल लेपर्ड की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। लेपर्ड की संदिग्ध हालत में हुई मौत को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। डीएफओ सरिता चौधरी ने बताया मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम करवाया गया है।

गौरतलब है कि पिछले 3 माह से अधिक समय से लेपर्ड की लोकेशन माचिया सफारी पार्क के आसपास आ रही थी। उसकी तलाश में वन विभाग की टीम लगी हुई थी लेकिन उसका रेस्क्यू करने में वन विभाग की टीम में कामयाब नहीं हो पाई।

इस दौरान कई अन्य जिलों के एक्सपर्ट की मदद भी ली गई लेकिन सारे प्रयास बेकार गए। बीएसएफ के ड्रोन की मदद भी ली गई थी लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। अंतिम बार 13 जून की रात एक बजे के आसपास माचिया बायोलॉजिकल पार्क के गेट नंबर 2 के पास लगे इंफ्रारेड ट्रैप कमरे में लेपर्ड नजर आया था। यह कैमरा उसे रेस्क्यू करने के लिए ट्रैप केज के पास लगाया गया था। उस दौरान एक बकरी को भी ट्रैप केज के पास बांधा गया था।

करीब 20 सेकंड के फुटेज में लेपर्ड नजर आया लेकिन उसने बकरी का शिकार नहीं किया। इसके बाद से लेपर्ड नजर नहीं आया। आज उसका शव मिलने से वनकर्मियों में हड़कंप मच गया। फिलहाल लेपर्ड की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। लेपर्ड की संदिग्ध हालत में हुई मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

# बीकानेर के विद्यार्थियों ने रोबोटिक बॉलिंग मशीन तैयार की

**बीकानेर,** (निसं)। टी-20 विश्वकप में भारत की जीत के बाद क्रिकेट प्रेमी उत्साहित हैं। वहीं अब क्रिकेट में बीकानेर का एक उत्पाद क्रांतिकारी बदलाव लेकर आ रहा है। इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ बीकानेर (ईसीबी) के विद्यार्थियों ने एक बॉलिंग मशीन तैयार की है, जो कई वजहों से अपने आप में अनोखी है। इस मशीन से न सिर्फ अधिकतम 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद बाहर निकलेगी, बल्कि उस गेंद में कितना घुमाव होगा, उसकी गति कितनी होगी और कोण कैसा होगा, यह सारा कुछ मशीन के सॉफ्टवेयर में लोड होगा। इससे बल्लेबाज न सिर्फ गेंद से प्रेक्टिस कर पाएगा, बल्कि वह स्पिन गेंदबाजी का भी अभ्यास कर सकेगा, यानी ऑफ स्पिन-लेग स्पिन के साथ बल्लेबाज इस गेंदबाजी मशीन से गुगली खेलने का भी अभ्यास कर पाएंगे। खास बात यह है कि इसकी विशिष्ट नियंत्रण प्रणाली से बॉल फीडर भी आसानी से कोच जैसा ही काम कर सकेगा। ईसीबी का इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रुमेंटेशन विभाग जल्दी ही इस मशीन के पेटेंट का भी दावा करेगा।

इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रुमेंटेशन विभाग के विभागाध्यक्ष हरजीत सिह बताते हैं कि स्वचालित बॉलिंग रोबोटिक सिस्टम को तीन हिस्सों में तैयार किया गया है। पहला बॉलिंग मोटर ड्राइविंग सिस्टम है। इसमें दो डीसी मोटर तथा ईएसपी-32 माइक्रोकंट्रोलर तथा मॉस्फेट आधारित नियंत्रण प्रणाली है। इसी माइक्रो कंट्रोलर से जुडे सेंसर फेंकी गई प्रत्येक बॉल की रफ्तार भी माप सकेंगे। दूसरा हिस्सा बॉल फीडर सिस्टम भी एक नियंत्रित डीसी मोटर आधारित है, जो बॉल की उपलब्धता, कोच या खिलाडी की मंशा अनुरूप समय पर बॉलिंग मशीन से करवाती रहती है। तीसरा इंटीग्रेटेड कंट्रोल सिस्टम है, जो कोच को बॉलिंग सिस्टम पर पूरा नियंत्रण प्रदान करता है। कोच एक ऐप के सहारे पूरा नियंत्रण रखते हुए अभ्यासरत बल्लेबाज के लिए बॉल की गति तथा स्पिन के प्रकार को पूरी तरह से नियंत्रित रख सकता है।

इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रुमेंटेशन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर राहुल राज चौधरी ने बताया कि छात्रों ने इंडस्ट्री ग्रेड के उत्पाद को न सिर्फ अपने आइडिया के साथ डिजाइन किया, बल्कि इसके प्रोटोटाइप को मूर्त रूप देकर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में एआई आधारित इंस्ट्रुमेंटेशन की सम्भावनाओं को प्रबल किया है।

न सिर्फ क्रिकेट, बल्कि इस सिस्टम को अपग्रेड करते हुए टेनिस जैसे अन्य खेलों में भी उपयोग किया जा सकेगा। डॉ. मनोज कुडी, प्राचार्य, ईसीबी ने बताया कि छात्रों की टीम ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देने की मंशा को साकार करते हुए खेल क्षेत्र में एक बहुत उपयोगी सिस्टम का डिजाइन व विनिर्माण किया है। यह ईसीबी के छात्रों की काबिलियत को दर्शाता है।

प्रो. ऐके शर्मा, कुलपति बीटीयू का कहना है कि आधुनिक युग में तकनीक निर्माण ही समाज की प्रगति का मुख्य आधार है। बीटीयू में मल्टी डिसिप्लिन रिसर्च को बढ़ावा दिया जा रहा है। छात्रों तथा मेंटर शिक्षकों का नवाचार विश्वविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

# मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे अवैध निजी अस्पताल पर छापा

**■ आगे मेडिकल स्टोर और पीछे पूरा अस्पताल चलाया जा रहा था**

**बीकानेर,** (निसं)। पंजीकरण की शर्तों का उल्लंघन कर मनमाने ढंग से संचालित एक निजी अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की। नोखा के मस्जिद चौक में मेडिकल स्टोर की आड़ में अवैध रुप से एक निजी अस्पताल चलाया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की टीम ने पुलिस जाब्ते के साथ जब बालाजी मेडिकल एवं जनरल स्टोर के नाम से संचालित निजी क्लिनिक पर छापा मारा, तो चौंकाने वाला सच सामने आया। यहां आगे मेडिकल स्टोर और पीछे पूरा अस्पताल चलाया जा रहा था। अस्पताल में पांच बेड का वार्ड बनाया था और उसमें एक महिला मरीज को भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। इतना ही नहीं एक बंद कमरे का ताला खुलवाकर चेक किया गया, तो अधिकारी भी आश्चर्य चकित रह गए, अंदर पूरा लेबर रूम का सेटअप बनाया था। इसमें लेबर टेबल, लेबर उपकरण व अवैध दवाइयां पाई गई। वार्ड में भर्ती मरीज के पास बायो मेडिकल वेस्ट के लिए एक बाल्टी रखी थी, उसमें ग्लूकोज की खाली बोतलें पड़ी थी। महिला मरीज के पास इलाज से संबंधित कोई पर्ची नहीं मिली, ना ही अस्पताल में मरीज रजिस्ट्रेशन का रेकॉर्ड व रजिस्टर मिला। इस संबंध में अस्पताल में मौजूद संतोष जाट से पूछा, तो उसने बताया कि यह सब डॉक्टर साहब के अधीन हैं, लेकिन मौके पर ना कोई डॉक्टर मिला, ना ही डॉक्टर की उपस्थिति के कोई कागजात मिले। कार्रवाई टीम ने निजी अस्पताल को बंद करा दिया। बाद में बीसीएमओ डॉ. कैलाश गहलोत थाने पहुंचे और इस मामले की पूरी रिपोर्ट दर्ज कराई।

# सरदार जी का खेड़ा गांव की चारागाह भूमि पर बाहरी लोगों ने अतिक्रमण किया

## अतिक्रमण करने से पशुपालकों को मवेशी चराने में परेशानी हो रही है



मांडलगढ़ के सरदारजी का खेडा गांव की चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया।

**■ अतिक्रमियों और ग्रामीणों के बीच संघर्ष की आशंका को लेकर एसडीएम और थानेदार को ज्ञापन दिया**

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के सरदार जी का खेड़ा गांव की चारागाह भूमि पर बाहरी लोगों ने आकर अतिक्रमण कर लिया है, जिससे पशुपालकों को मवेशी चराने में परेशानी हो रही है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने मांडलगढ़ एसडीएम और थानेदार को ज्ञापन दिया तथा अतिक्रमियों और ग्रामीणों के बीच खूनी संघर्ष की आशंका के चलते प्रशासन व पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है।

सरदारजी का खेड़ा निवासी रामलाल के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया कि चारागाह की अधिकांश भूमि पर बाहरी लोग जो किशनजी का खेड़ा, आलिया, भगवान पुरा, पीपल्दा के कुछ प्रभावशाली लोगों ने धनबल और भुजबल के आधार पर स्थानीय कर्मचारियों से मिलीभगत कर गत तीन साल से अतिक्रमण किए हुए है। ज्ञापन में बताया कि चारागाह भूमि पर थूहर की बाउंड्री कर बड़े आकार में बाड़े बना लिए और खेती भी की जा रही है। बढ़ते अतिक्रमण से चारागाह की भूमि समाप्त होती जा रही है, जिससे पशुपालकों के मवेशी चारागाह में विचरण नहीं कर पा रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि आलिया गांव के भवानीलाल धाकड़ व त्रिवेणी गांव के रामचन्द्र मीणा ने चारागाह की भूमि पर जेसीबी मशीन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन कर खुद के खेत में डलवा दी और कई ट्रैक्टर-ट्रॉली मिट्टी को बेच दिया। अवैध खननकर्ताओं ने चारागाह के सिमा पिलर भी उखाड़ कर फेंक दिए हैं। अवैध मिट्टी खनन से भूमि में बड़े-बड़े गड्ढे पड़ गए हैं, जिससे चारागाह का स्वरूप बदल गया है। मवेशियों के विचरण के लायक नहीं रखा है। इस मामले में ग्राम पंचायत और पटवारी को कई बार शिकायत भी की गई। फिर भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया है और न ही पटवारी द्वारा कोई कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमियों की शिकायत करने पर अतिक्रमी लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जाते हैं।

उक्त मामले को लेकर उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह ने मांडलगढ़ तहसीलदार ललित डिडवानिया को अतिक्रमण की जांच कर हटाने के निर्देश दिए हैं। ज्ञापन देने में नंद सिंह, चान्दमल, गोपाल लाल, नारायण लाल, सोराम, कैलाश रेगर, हरजी रेबारी, हीरालाल, लादूलाल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# 'कोटा में अभिभावकों की भी काउंसलिंग होगी, अन्य कोर्सेज के बारे में जानकारी दी जाएगी'



कोटा जिला कलेक्टर ने हॉस्टल,पीजी प्रतिनिधियों की बैठक ली।

- कोचिंग विद्यार्थियों को यूनिक आईडी मिलेगी
- दिशा-निर्देशों की पालना नहीं करने वाले हॉस्टल-पीजी पर कार्रवाई होगी

**कोटा, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि कोचिंग संस्थान एक मैकेनिज्म तैयार कर 15 जुलाई के बाद कोचिंग संस्थानों में एडमिशन के समय ही विद्यार्थियों को यूनिक आईडी देंगे जो अल्फा-न्यूमरिक होगी। इस यूनिक आईडी से कोचिंग छात्र की एक विशेष पहचान रहेगी।

उन्होंने कहा कि कोचिंग क्लासेज में प्रतिदिन अटेंडेंस का सिस्टम बनाया जाए और किसी बच्चे के 3 दिन तक लगातार क्लास में नहीं आने पर संस्थान कारणों का पता लगाए और किसी तरह की आशंका होने पर सूचना जिला प्रशासन एवं पुलिस को दे ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

डॉ. गोस्वामी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के न्यू सभागार में कोचिंग संस्थानों, हॉस्टल एवं पीजी के प्रतिनिधियों, नोडल अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्थानों की एक डेडीकेटेड टीम समय-समय पर हॉस्टल एवं पीजी की विजिट कर वहां रह रहे बच्चों से बात करें। कोचिंग संस्थान से टीचर के अलावा भी कोई व्यक्ति जाकर हॉस्टल में रह रहे बच्चों से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में पता करें। उन्होंने कहा कि घर से दूर रहकर पढ़ रहे विद्यार्थियों को अपनेपन का अहसास कराने के लिए पर्सनल टच भी जरूरी है। उन्होंने कोचिंग संस्थानों के टॉप मैनेजमेंट के लोगों का भी आव्हान किया कि वे कोचिंग छात्र से उस माहौल में जाकर जरूर मिलें जहां वह रहता है। जिला कलक्टर ने कोचिंग संस्थानों में हर माह की जाने वाले गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए आचार संहिता बनाने के साथ ही अभिभावकों की काउंसलिंग करवाई जाएगी।

विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को अन्य कॅरियर ऑरिएन्टेड कोर्सेज की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि नीट-जेईई क्लीयर नहीं होने पर निराश होने की बजाय विद्यार्थी पॉजिटिव रहें क्योंकि जीवन में आगे बढ़ने के लिए डॉक्टर एवं इंजीनियर बनने के अलावा कई अन्य आप्शन भी हैं। जिला कलक्टर ने कहा कि जिन विद्यार्थियों को मेन्डेटरी डिपोर्ट किया जाता है उनके लिए ईजी एक्जिट के साथ ही फी रिफंड की पॉलिसी बनाई जाए। उन्होंने हॉस्टल के साथ ही हर पीजी में एंटी हैगिंग डिवाइस, सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी आदि की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, शिकायत के लिए ड्रॉप बॉक्स रखने, पुलिस हेल्प लाईन के नंबर तथा कंट्रोल रूम के नंबर डिस्प्ले करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कोचिंग संस्थानों से कहा कि जो विद्यार्थी पीजी में रह रहे हैं उनसे पीजी का एड्रेस एवं संचालक के फोन नंबर आदि की सूचना लेकर जिला प्रशासन को दी जाएं। डॉ. गोस्वामी ने निर्देश दिए कि कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के मानसिक सम्बलन एवं सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में किए गए प्रयासों एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना में उठाए गए कदमों के बारे में रिपोर्ट अगले दो दिन में जिला प्रशासन को भेजी जाए। उन्होंने जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशों की अनुपालना नहीं करने वाले हॉस्टल, पीजी एवं मकान मालिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लगातार अवहेलना करने वाले हॉस्टल, पीजी आदि को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। जो संचालक सहयोग नहीं कर रहे हैं उनकी सूची बनाकर जिला प्रशासन को दी जाऐं। जिला कलक्टर ने कोचिंग संस्थानों में योग्य मनो-सलाहकारों की नियुक्ति, आमुखीकरण कार्यक्रम, विद्यार्थियों की नियमित काउंसलिंग, फ्री हेल्पलाईन नंबर डिस्प्ले, लाईफ मैनेजमेंट पर शिक्षण, हॉस्टलों में बायोमैट्रिक, गेटकीपर की व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश कोचिंग संस्थानों, हॉस्टल एवं पीजी को दिए। उन्होंने कोचिंग क्लासेज के दौरान फैकल्टी द्वारा कुछ देर के लिए लाईफ लेसन शुरू करने, रिवर फ्रंट विजिट, सिगिंग प्रतियोगिता, स्पोर्ट्स गतिविधियां एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कोचिंग संस्थानों एवं हॉस्टल में डेंगू से बचाव के लिए एंटी लार्वा एक्टीविटी चलाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दिलीप सैनी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्णा शुक्ला, आयुक्त नगर निगम उत्तर अनुराग भार्गव, नोडल अधिकारी सुनिता डागा सीएमएचओ सहित हॉस्टल विजिट के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी एवं विभिन्न कोचिंग संस्थानों, हॉस्टल एवं पीजी एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कोचिंग छात्र आत्महत्या प्रकरण में चार कमरे सीज

- अनियमितताओं को देखते हुए सीज की कार्रवाई की गई
- हॉस्टल, पीजी का निरीक्षण किया जाएगा

**कोटा, (निसं)।** शहर के महावीर नगर तृतीय क्षेत्र में किराए से रह रहे कोचिंग छात्र द्वारा गुरूवार को आत्महत्या करने के प्रकरण में जिला प्रशासन के निर्देश पर किए गए निरीक्षण के दौरान पंखे पर एंटी हैंगिंग डिवाइस लगी हुई नहीं पाए जाने तथा अन्य अनियमितताओं को देखते हुए मकान के चार कमरों को सीज कर दिया गया है।

इस मामले में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) की अदालत में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने धारा 133 सीआरपीसी के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए महावीर नगर तृतीय स्थित मकान संख्या 4-आई-11 के चारों कमरे सीज करने के साथ ही उपायुक्त नगर निगम दक्षिण एवं थानाधिकारी महावीर नगर को आदेश की पालना सुनिश्चित कराते हुए 24 घंटे में पालना रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं। मकान मालिक राजेन्द्र प्रसाद गौतम को न्यायालय द्वारा पारित आदेश की पालना में उल्लेखित शर्तों की अक्षरशः पालना करने के लिए पाबन्द किया गया है।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) कृष्णा शुक्ला ने बताया कि उक्त मकान में पंखों को लटकाने के लिए स्प्रिंग डिवाइस का उपयोग करने संबंधी निर्धारित गाईडलाईन की पालना नहीं किए जाने की रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की गई है।

उन्होंने बताया कि छात्र द्वारा आत्महत्या के प्रकरण में जांच करने पर कमरे में हैंगिंग डिवाइस का नहीं होना पाया गया। उन्होंने बताया कि उक्त मकान में चार कमरे किराए पर दिए जाते हैं जिनमें से वर्तमान में दो कमरों में छात्र रहते थे। छात्र की आत्महत्या के प्रकरण के बाद दूसरे छात्र द्वारा भी कमरा खाली कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देश पर एक टीम गठित कर कोटा शहर में स्थित हॉस्टल/पीजी एवं कोचिंग छात्रों को किराए पर दिए गए मकानों आदि का निरीक्षण कर जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/6146 दिनांक:-04.07.24

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि डॉ सुनीति गोयल पुत्री स्व.श्री दिनेश चन्द्र गोयल निवासी भूखण्ड संख्या बी-93 तलवण्डी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या बी-93 तलवण्डी कोटा क्षेत्रफल 3495 वर्ग फुट का विक्रय कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा (राज.) के क्रमांक:विक्रय/82-83 दिनांक 12.07.1982 से श्री दिनेश चन्द्र पुत्र श्री मन्ना लाल गोयल को किया गया। श्री दिनेश चन्द्र गोयल की मृत्यु दिनांक 22.09.2013 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान श्रीमती उमा रानी गोयल, श्री हितेन्द्र गोयल, श्रीमती सावित्री सिंघल द्वारा पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 05.06.2023 को अपना हक डॉ.सुनीति गोयल पुत्री स्व.श्री दिनेश चन्द्र गोयल के पक्ष में त्याग दिया है। डॉ.सुनीति गोयल पुत्री स्व.श्री दिनेश चन्द्र गोयल के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम, कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा दक्षिण



## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-1332 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 05.07.2024

नगर विकास न्यास कोटा की बसंत बिहार केशवपुरा-9 योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 1092 का आवंटन/हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 23.05.2002 को श्री हरिराम बिडला पुत्र स्व.श्री बंशीधर बिडला को किया गया था। आवंटी श्री हरिराम बिडला पुत्र स्व.श्री बंशीधर बिडला की मृत्यु दिनांक 16.12.2019 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान श्रीमती मीना पनवाड पुत्री स्व.श्री हरिराम बिडला द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आईडी इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 1092 योजना बसंत बिहार केशवपुरा-9 का नाम हस्तान्तरण श्रीमती मीना पनवाड पुत्री स्व.श्री हरिराम बिडला के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा



## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-767 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 05.07.2024

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना सुभाष नगर आवासीय योजना भूखण्ड संख्या 1287 श्री एच.एल.गर्ग पुत्र श्री श्रीनारायण लाल को आवंटन पत्र क्रमांक 10 दिनांक 18.04.1991 को आवंटन किया गया था। आवंटी श्री एच.एल.गर्ग पुत्र श्री श्रीनारायण लाल की मृत्यु दिनांक 06.10.2018 को हो चुकी है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान हकदार श्रीमती राधा गर्ग पत्नि श्री एच.एल.गर्ग द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, शपथ पत्र, आई.डी इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त आवास के नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 1287 सुभाष नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती राधा गर्ग पत्नि श्री एच.एल.गर्ग के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा


# खाली भूखंड में महिला का शव मिला, हत्या की आशंका

**कोटा, (निसं)।** शहर के कुन्हाड़ी थाना इलाके में महिला की हत्या का मामला सामने आया है। इसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। महिला की लाश खाली प्लॉट में लहूलुहान हालत में मिली है। शव को पुलिस हत्या ही मान रही है और हत्या के एंगल से ही पूरी जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक महिला के शरीर पर चोटों के निशान है।

मौके पर फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री, एमओबी और डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई हैं जहां पर साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। इसके अलावा आलाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। कुन्हाड़ी थाना अधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया की महाराणा प्रताप सर्कल के नजदीक रजत सिटी की बिल्डिंग के पीछे खाली पड़े हुए प्लॉट में एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना थाने पर मिली।

इसके बाद मौके पर पुलिस जाप्ता पहुंचा है। बाद में आला अधिकारियों को भी मौके पर पहुंचे। महिला की शिनाख्त चंबल की छोटी पुलिया के नजदीक रहने वाली 45 वर्षीय रानी के रूप में हुई है। महिला के शव पर चोटों के निशान हैं।

ऐसे में महिला की हत्या की आशंका जताई जा रही है। महिला के शव को एमबीएस अस्पताल में शिफ्ट किया जिसके बाद पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू हुई। सीआई भारद्वाज का कहना है कि महिला के पहले पति की मौत हो गई है जिसके बाद उसने नाता विवाह दूसरे व्यक्ति से कर लिया था। जिसके साथ ही वह रह रही थी ऐसे में हत्या का क्या कारण रहा और कौन इसमें शामिल हैं।

इस संबंध में जांच पडताल के बाद ही सामने आ पाएगा। थानाधिकारी भारद्वाज के अनुसार इस मामले में महिला के बेटे की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। महिला के सिर पर चोटों के निशान है। संभवतः पत्थर या अन्य किसी चीज से उसे मारा गया है महिला के साथ रह रहा उसका पति मुकेश फिलहाल फरार है। ऐसे में घटना की जानकारी के लिए पुलिस उसकी भी तलाश में जुटी हुई है। महिला कचरा और थैली बीनने का काम करती थी।

# अधिशासी अभियंता एक्सीडेंट मामले के चार आरोपी गिरफ्तार

- फर्जी बिलों का भुगतान नहीं करने से नाराज ठेकेदार ने हिस्ट्रीशीटर की मदद से अधिशासी अभियंता पर हमला करवाया था
- ठेकेदार मनोज और हिस्ट्रीशीटर नरेश वाल्मीकि फरार हैं

**कोटा, (निसं)।** शहर के दादाबाड़ी थाना पुलिस ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के अधिशासी अभियंता को जान से मारने के इरादे से किए गए एक्सीडेंट के मामले में खुलासा हुआ है। जिसमें सामने आया है कि जल जीवन मिशन के फर्जी बिलों का भुगतान नहीं करने से नाराज ठेकेदार ने हिस्ट्रीशीटर की मदद से हमला करवाया।

हिस्ट्रीशीटर और ठेकेदार अभी फरार चल रहे हैं। इस मामले में वाहन मालिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अधिशासी अभियंता की बाईक और अन्य वाहन भी दुर्घटना ग्रसित हो गए थे। इसके साथ ही उसके हाथ पैर भी टूट गए थे। दादाबाड़ी थाना अधिकारी नरेश मीणा ने बताया कि पीएचईडी के अधिशासी अभियंता बने सिंह मीणा अपने ऑफिस दादाबाड़ी से महावीर नगर विस्तार योजना स्थित घर पर जा रहे थे।

उनकी गली के बाहर ही एक पिकअप ने अनियंत्रित होते हुए जानबूझकर उनकी बाईक को टक्कर मारी। जिसके बाद वह एक कार से भीड़ गए। साथ ही पिकअप ने वहां पर खड़ी हुई एक अन्य कार को भी टक्कर मार दी। इसके बाद बदमाश एक्टिवा पर सवार होकर फरार हो गए। इस घटना में बने सिंह मीणा के चोट लगी और उसके हाथ पैर फ्रैक्चर हो गए थे।

बने सिंह मीणा ने कहा कि वाहन चालक और उसमें बैठे हुए लोगों को पहचान लेंगे। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखा जिसमें चित्तौड़गढ़ में रजिस्टर्ड गाड़ी से दुर्घटना होना सामने आया। इसकी तलाश शुरू की। जिसके बाद पिकअप मालिक नरेंद्र रावल, पिकअप उपलब्ध कराने वाले मोहम्मद हुसैन और राजेश साहू को डिटेन किया गया।

इसके साथ ही पिकअप चालक के साथी अशोक को बापर्दा गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पूछताछ के बाद सामने आया कि घटना उदयपुर के सुखेर थाने के हिस्ट्रीशीटर नरेश वाल्मीकि और पीएचईडी के ठेकेदार मनोज वागड़ी ने कारित की है।

सीआई मीणा ने बताया कि एक्सईएन बने सिंह मीणा मार्च 2024 से पहले उदयपुर में तैनात थे। इसी दौरान ठेकेदार मनोज वागड़ी से उनका झगड़ा हो गया था। मनोज के फर्जी बिलों का भुगतान उन्होंने नहीं किया था। इसी बात पर डरा धमकाकर वह भुगतान करवाना चाह रहा था।

लेकिन उनके हस्ताक्षर करने से मना करने से यह भुगतान अटक गया। इसके बाद बने सिंह का कोटा ट्रांसफर हो गया। मनोज इस घटना से काफी नाराज था और उसने अपने हिस्ट्रीशीटर मित्र नरेश वाल्मीकि को साथ लिया। इसमें पिकअप खरीद कर इस घटना को अंजाम दिया है।

सीआई मीणा ने बताया कि यह घटना भी पूरी तरह साजिशन जानलेवा हमले की है। जिसे दुर्घटना की तरह कारित किया गया ताकि जानलेवा हमले को एक्सीडेंट का रूप दिया जा सकें। इस मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास की धाराओं में ही मुकदमा दर्ज किया और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि ठेकेदार मनोज और हिस्ट्रीशीटर नरेश वाल्मीकि फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। दोनों अपने घरों पर भी नहीं पहुंच रहे हैं।


### नाम परिवर्तन

मेरे विवाह प्रमाण पत्र में मेरा नाम वैष्णवी विनोद चौगुले है जो कि गलत है मेरा सही नाम वैष्णव होरा पत्नी श्री अपाजित सिंह होरा है तथा भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए

पता-19, प्रेरणा, स्टेशन रोड, मॉडल टाउन कोटा राजस्थान



### नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम मनीष कुमार नन्दवाना से बदलकर नया नाम मनीष नन्दवाना रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मनीष नन्दवाना पुत्र जगदीश प्रसाद नन्दवाना 703-ए आर के पुरम कोटा


## छात्रवृत्ति के लिये आवेदन आमंत्रित

**कोटा, (निसं)।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा चूना पत्थर एवं डोलोमाइट, अभ्रक खान, बीड़ी श्रमिक, लौह, मैगनीज, क्रोम अयस्क खदान श्रमिकों के बच्चे जो कक्षा 1 या उससे ऊपर की कक्षाओं के नियमित छात्र है, उनके लिए छात्रवृति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कल्याण आयुक्त (केंद्रीय) सत्येंद्र सिंह चौहान ने बताया प्री-मैट्रिक के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 31 अगस्त तथा पोस्ट मैट्रिक के लिए 31 अक्टूबर है। उन्होंने बताया छात्रवृति के लिए विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। छात्रों के माता-पिता में से कोई भी एक बीड़ी श्रमिक, चूना पत्थर, डोलोमाइट खान श्रमिक, लौह, अयस्क मैगनीज और क्रोम अयस्क खान श्रमिक होना चाहिए। उसे कम से कम 6 महीने का कार्य अनुभव होना चाहिए। इसमें संविदा, घर खाता श्रमिक भी शामिल हैं। छात्र का राज्य या केंद्र सरकार के मान्यता प्राप्त शिक्षा संस्थान में अध्यनरत् होना अनिवार्य है।

## श्री महर्षि गौतम छात्रावास एवं संस्कार केंद्र निर्माण समारोह कल

**कोटा, (निसं)।** श्री महर्षि गौतम छात्रावास समिति कैंत की चौकी अग्रसेन बाजार कोटा द्वारा श्री महर्षि गौतम छात्रावास एवं संस्कार केंद्र निर्माण समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। संस्था संरक्षक पंडित बद्री प्रसाद गौतम ने बताया कि इस कार्यक्रम में कोटा संभाग के सभी समाजबंधुओं की बड़ी संख्या में उपस्थित रहेगी।

गौतम ने बताया कि सात जुलाई रविवार को सायं 5.30 बजे रथ यात्रा, शोभायात्रा श्री महर्षि गौतम सर्कल टीवीएस चौराहा से प्रारंभ होगी जो विभिन्न चौराहा से होती हुई ओसीएफ डी-2 व 3 संस्कार केन्द्र श्रीनाथपुराम पर संपन्न होगी। संयोजक हीरेंद्र शर्मा, सह संयोजक दिनेश शर्मा मौली ने बताया कि शोभायात्रा का मुख्य मार्ग पर स्वागत द्वार लगाकर, पुष्प वर्षा कर एवं खाद्य सामग्री वितरण कर स्वागत किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान दिनेश मोली परिवार की ओर से श्री महर्षि गौतम एवं माता अहिल्या के मंदिर का निर्माण कार्य का श्री गणेश भी होगा। सह संयोजक मनोज गौतम एडवोकेट ने बताया कि समारोह के दौरान बनने वाले भवन के बारे में विस्तृत जानकारी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दी जाएगी। भवन का स्वरूप कैसा होगा, आगे की कार्ययोजना के बारे में समाजबंधुओं को विस्तृत रूप से बताया जाएगा। अध्यक्ष बालचंद फौजी, मंत्री मनोज गौतम ने बताया कि इस शोभायात्रा में कई आकर्षक के केन्द्र व झांकियां रहेंगे और समाजबंधु पारम्परिक परिवेश में नजर आएंगे। कार्यक्रम में भगवान जगन्नाथ एवं महर्षि गौतम की झांकियां आकर्षण का केन्द्र होगी, बग्गी, घोडे, बैंड बाजे शोभायात्रा की शोभा बढाएंगे। कोषाध्यक्ष त्रिलोक चंद्र गौतम, उपाध्यक्ष निगम शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज का रह व्यक्ति रहेगा।

## अतिक्रमण हटाया

**छीपाबड़ौद (निसं)।** क्षेत्रीय वन अधिकारी छीपाबडौद के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए मोखमपुरा में लगभग 20 बीघा जमीन अतिक्रमण मुक्त करवाया। यह जानकारी वन विभाग से जुड़े रमेश गडवाल ने दी है।


## कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक-1152 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक 05.07.2024

नगर विकास न्यास कोटा की बालाजी मार्केट व्यवसायिक योजना के भूखण्ड/आवास संख्या 157 का आवंटन/हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 10.03.2003 को श्री रामस्वरूप गौतम पुत्र श्री बजरंग लाल शर्मा को किया गया था। आवंटी श्री रामस्वरूप गौतम पुत्र श्री बजरंग लाल शर्मा की दिनांक 08.04.2021 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान श्री अनिल गौतम पुत्र श्री रामस्वरूप गौतम द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड, शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड/आवास का अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 157 योजना बालाजी मार्केट व्यवसायिक का नाम हस्तान्तरण श्री अनिल गौतम पुत्र श्री रामस्वरूप गौतम के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, नगर विकास न्यास, कोटा



## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक-2587 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 05.07.24

आवास संख्या 1-ध-15 दादाबाडी कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम दयाल गुप्ता को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम दयाल गुप्ता द्वारा दिनांक 18.12.1989 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम दयाल गुप्ता द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 18.12.1989 को श्री दानमल पुत्र श्री बुद्धा को किया गया। श्री दानमल पुत्र श्री बुद्धा का नाम दिनांक 31.01.2013 को विक्रय पत्र के आधार पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री दानमल पुत्र स्व.श्री बुद्धा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 03.06.2013 को श्रीमती रेनु धनवानी पत्नी श्री कमल कुमार धनवानी को किया गया। श्रीमती रेनु धनवानी पत्नी श्री कमल कुमार धनवानी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ध-15 दादाबाडी कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती रेनु धनवानी पत्नी श्री कमल कुमार धनवानी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करनें में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती रेनु धनवानी पत्नी श्री कमल कुमार धनवानी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती रेनु धनवानी पत्नी श्री कमल कुमार धनवानी का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा



## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक-2584 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 05.07.24

आवास संख्या 4/157 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमती शशि पालीवाल पत्नी श्री ओमप्रकाश पालीवाल को किया गया था। श्रीमती शशि पालीवाल पत्नी श्री ओमप्रकाश पालीवाल की मृत्यु दिनांक 23.05.2009 को हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण हक त्याग पत्र (रिलीज डीड) के आधार पर दिनांक 07.01.2013 को श्री विवेक पालीवाल पुत्र स्व.श्री ओमप्रकाश पालीवाल को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री विवेक पालीवाल पुत्र स्व.श्री ओमप्रकाश पालीवाल द्वारा दिनांक 08.02.2013 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्री विवेक पालीवाल पुत्र स्व.श्री ओमप्रकाश पालीवाल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 15.03.2013 को श्री पुरूषोत्तम नन्दलाल शर्मा पुत्र श्री नन्दलाल शर्मा को किया गया। श्री पुरूषोत्तम नन्दलाल शर्मा पुत्र श्री नन्दलाल शर्मा का नाम दिनांक 12.08.2013 को विक्रय पत्र के आधार पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री पुरूषोत्तम नन्दलाल शर्मा पुत्र श्री नन्दलाल शर्मा द्वारा उक्त आवास का दान जरिये उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) आलेखित कर दिनांक 04.07.2016 को अपने पौत्र श्री आदित्य नारायण पाण्डे पुत्र डॉ. विक्रान्त पाण्डे जर्ये वलीमाता डॉ.आरती दीक्षित पत्नी डॉ.विक्रान्त पाण्डे को किया गया। श्री आदित्य नारायण पाण्डे पुत्र डॉ. विक्रान्त पाण्डे जर्ये वलीमाता डॉ.आरती दीक्षित पत्नी डॉ.विक्रान्त पाण्डे द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4/157 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः इस आवास के मण्डल अभिलेख में उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर श्री आदित्य नारायण पाण्डे पुत्र डॉ. विक्रान्त पाण्डे जर्ये वलीमाता डॉ.आरती दीक्षित पत्नी डॉ.विक्रान्त पाण्डे का नाम दर्ज करनें में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर श्री आदित्य नारायण पाण्डे पुत्र डॉ. विक्रान्त पाण्डे जर्ये वलीमाता डॉ.आरती दीक्षित पत्नी डॉ.विक्रान्त पाण्डे का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर श्री आदित्य नारायण पाण्डे पुत्र डॉ. विक्रान्त पाण्डे जर्ये वलीमाता डॉ.आरती दीक्षित पत्नी डॉ.विक्रान्त पाण्डे के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा



## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2597 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 5.7.24

आवास संख्या 3-थ-31 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती शैल कुमारी पत्नी श्री दिवाकर दत्त को किया गया था। इस आवास का अदेय प्रमाण पत्र श्रीमती शैल कुमारी पत्नी स्व. श्री दिवाकर दत्त के नाम दिनांक 09.03.2021 को जारी किया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती शैल कुमारी पत्नी स्व. श्री दिवाकर दत्त की मृत्यु दिनांक 21.06.2022 को हो चुकी है। श्रीमती शैल कुमारी द्वारा इस आवास का वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 16.03.2022 को अपनी पुत्री श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री पवन शर्मा के पक्ष में आलेखित की गई। उक्त वसीयत को पंजीयन कार्यालय से वसीयतकर्ता की मृत्यु पश्चात दिनांक 15.02.2024 को पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री पवन शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-थ-31 विज्ञान नगर कोटा को आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयतनामा के आधार पर स्वयं के नाम हस्तान्तरण/प्रतिस्थापन करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयतनामा के आधार पर श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री पवन शर्मा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री पवन शर्मा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री पवन शर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा


# नहरों में पानी छोड़ने का निर्णय नहीं हुआ तो किसान कर सकते हैं बैराज कूच


- नहरों के गेट खोलने की मांग की

**कोटा, (निसं)।** कोटा क्षेत्र के किसान खरीफ की फसलों के लिए नहरी पानी की मांग को लेकर आंदोलनरत हे लेकिन सीएडी प्रशासन किसानों के धैर्य की परीक्षा ले रहा है। आज किसान प्रतिनिधियों ने आगामी आंदोलन की तैयारियों के लिए पत्रकार वार्ता की। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए युवा किसान नेता गिर्राज गौतम ने कहा की सीएडी प्रशासन नहरों में आवश्यकता होने ओर किसानों की मांग पर पानी नहीं छोड़ कर राजस्थान सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है क्योंकि किसान लगातार पानी मांग कर रहे हैं और सीएडी प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है।

किसान अभी तक शांति पूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं परन्तु अगर किसानों को समय पर नहरी पानी नहीं मिला तो आंदोलन उग्र हो सकता है क्योंकि किसान अपनी आंखो के सामने अपनी फसल को बर्बाद होते नही देख सकता। गौतम ने कहा की सीएडी प्रशासन के अधिकारी तकनीकी बहाना बनाकर पानी नहीं छोड़ना चाहते नहरों में पानी प्रवाहित होने से उन्हें फील्ड में दौड़ना पड़ेगा वो अपनी जिम्मेदारी से बचाना चाहते है। गौतम ने कहा की के.पाटन, बूंदी, तालेड़ा, कापरेन, लाड़पुरा, दीगोद, सुल्तानपुर, मांगरोल, अंता आदि में क्षेत्र की 6 विधानसभा में 1 लाख 70 हजार से अधिक किसान परिवारों ने लगभग 2 लाख 50 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में धान की रोपाई कर रहे हे जिसमे से अधिकतर क्षेत्र के.पाटन और बूंदी का है। जहां धान की खेती होती है। लगभग 3 हजार करोड़ का आर्थिक चक्र धान की फसल से चलता है जिसमे किसान मजदूर व्यापारी हम्माल सभी प्रभावित होते है। गौतम ने कहा की नहरी पानी से फसल का उत्पादन भी बढढ़ता है नहरी पानी नहीं मिलने से भूमि का जलस्तर भी गिरता है साथ ही भूमि के जल से खेतों की मिट्टी भी बीमार हो गई है बारिश के पानी पर भी निर्भर नहीं रहा जा सकता क्योंकि बारिश कितनी होती है कहां होती है कुछ नहीं कहा जा सकता।

इसीलिए नहरों में पानी की आवश्कता है अगर जल्द नहरों में पानी नहीं मिला तो किसानों को सैकड़ो करोड़ों की आर्थिक हानि उठानी पड़ेगी इसीलिए प्रशासन अविलंब नहरों में पानी छोड़े। किसान प्रतिनिधि दिलबाग सिंह ने कहा की 8 जुलाई को सीएडी प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाई हे जिसमे नहरी पानी को लेकर निर्णय होने की संभावना है अगर बैठक के बाद नहरी पानी का निर्णय नही हुआ तो किसान बड़ा कदम उठाएंगे इसलिए सभी किसानों को 8 जुलाई को कोटा सीएडी कार्यालय पहुंचने का आव्हान किया है साथ ही उन्होंने कहा की सभी राजनेतिक दलों के जनप्रतिनिधि प्रशासन और पानी छोड़ने का दबाव बनाए क्योंकि विधानसभा ओर लोकसभा चुनावों के समय सभी ने किसानों नहरी पानी का वादा किया था अब किसानों को इंतजार है कोन किसानों के पक्ष में है। अभी तक जनप्रतिनिधियों की खामोशी से किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। पत्रकार वार्ता को किसान प्रतिनिधि नवीन श्रृंगी, रूप शंकर सुमन ने भी संबोधित किया।


## श्रद्धांजलि



24.10.1918 - 06.07.2000

24वीं पुण्यतिथि

**श्रद्धेय स्व. वैद्य श्री घनश्याम जी शर्मा**

निवासी श्रीमाधोपुर (सीकर) की 24वीं पुण्यतिथि 06.07.2024 पर सभी परिवारजन की ओर से

**शत् शत् नमन् एवं सादर श्रद्धांजलि**

कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत) एवं उमा शर्मा (से.नि.प्रधानाध्यापिका), नरेन्द्र शर्मा (से.नि.एयरफोर्स) एवं दीपशिखा, सत्यप्रकाश शर्मा (राष्ट्रदूत, जोधपुर) एवं ज्योति शर्मा (से.नि.प्रिंसिपल सी.सै.स्कूल) (पुत्र-पुत्रवधु), बीना एवं नरेन्द्र भारद्वाज (से.नि.भारतीय स्टेट बैंक) (पुत्री-दामाद), प्रशांत एवं प्रिया (पौत्र-पौत्रवधु) एवं समस्त परिवारजन

मोबाइल : 9829264308, 9829360428, 9462694531



## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2582 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 4.7.24

आवास संख्या 1-ट-5 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री तुलसी दास गिडवानी पुत्र श्री गोरधन दास गिडवानी को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री तुलसी दास गिडवानी पुत्र श्री गोरधन दास गिडवानी के नाम दिनांक 17.09.1991 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री तुलसी दास गिडवानी पुत्र श्री गोरधन दास गिडवानी की मृत्यु दिनांक 15.01.2019 को एवं इनकी पत्नी श्रीमती शान्ती देवी की मृत्यु दिनांक 09.04.1999 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु हो जाने के पश्चात इनके वारिसानों में श्रीमती पुष्पा राजेश बक्षी पत्नी श्री राजेश बक्षी पुत्री स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी, श्रीमती पूनम आसवानी पत्नी श्री ठाकुर दास आसवानी पुत्री स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी, श्री हरीश गिडवानी पुत्र स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी एवं श्री राजेश गिडवानी पुत्र स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ट-5 दादाबाड़ी कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर संयुक्त रुप से करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती पुष्पा राजेश बक्षी पत्नी श्री राजेश बक्षी पुत्री स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी, श्रीमती पूनम आसवानी पत्नी श्री ठाकुर दास आसवानी पुत्री स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी, श्री हरीश गिडवानी पुत्र स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी एवं श्री राजेश गिडवानी पुत्र स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी के नाम संयुक्त रुप से करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती पुष्पा राजेश बक्षी पत्नी श्री राजेश बक्षी पुत्री स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी, श्रीमती पूनम आसवानी पत्नी श्री ठाकुर दास आसवानी पुत्री स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी, श्री हरीश गिडवानी पुत्र स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी एवं श्री राजेश गिडवानी पुत्र स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी के नाम संयुक्त रुप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती पुष्पा राजेश बक्षी पत्नी श्री राजेश बक्षी पुत्री स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी, श्रीमती पूनम आसवानी पत्नी श्री ठाकुर दास आसवानी पुत्री स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी, श्री हरीश गिडवानी पुत्र स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी एवं श्री राजेश गिडवानी पुत्र स्व. श्री तुलसी दास गिडवानी के नाम संयुक्त रुप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

# हिंडौन सिटी में सवा तीन इंच बारिश दर्ज, दुकानों में दो फीट तक पानी भरा

## खराब ड्रेनेज व्यवस्था की वजह से व्यापारियों ने नाराजगी जताई

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। हिंडौन सहित आसपास के क्षेत्र में मानसून भले देरी से आया, लेकिन जब भी आया पूरे क्षेत्र को तर कर दिया। शुक्रवार को हुई बारिश से शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया, जिससे स्थिति काफी खराब हो गई। करीब 81 एमएम (करीब सवा तीनन इंच) बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया लेकिन खराब ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गई।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में इस वर्ष भीषण गर्मी का दौर रहा। गत लगभग दो सप्ताह से उमस की मार झेल रहे लोग बेहाल हो गए। पूरे क्षेत्र के लोग मानसून का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच मानसून पूर्व की बारिश में कुछ हल्की बूंदाबांदी जरूर हुई। गत दिवस देर शाम से आसमान में घने बादल छाए रहे और इसी बीच सुबह सात से बारिश का दौर शुरू हुआ दिन में लगभग दस बजे से बारह बजे तक दो घंटे जोरदार बारिश का दौर चला, जिससे पूरे शहर में जलभराव हो गया। कटरा बाजार स्थित दुकानों में करीब 1 से 2 फीट



हिण्डौन सिटी में बरसात होने से दुकानों में पानी घुस गया।

पानी भर जाने से दुकानदारों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। खराब ड्रेनेज व्यवस्था की वजह से व्यापारियों ने नाराजगी जताई है। शहर में जल

- बारिश के कई घंटों बाद भी सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी रही

निकासी की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। मानसून पूर्व खारी नाला की पर्याप्त सफाई नहीं होने से इस बारिश में भी जल निकासी की व्यवस्था फेल हो गई। सड़कों पर बारिश के कई घंटों बाद भी जलभराव बना रहा। किराना, वस्त्र, मिष्ठान और शूज की दुकानों में पानी भरने से काफी नुकसान हुआ। वहीं, बारिश से किसानों के चेहरे पर मुस्कान खिल गई। खरीफ फसलों में बाजरा, तिल आदि की बुवाई के लिए किसान काफी समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। गुरुवार शाम पांच बजे तक 15 एमएम बारिश दर्ज हुई थी, जबकि शुक्रवार को बारिश 81 एमएम दर्ज की गई। क्षेत्र में बारिश के बाद भी बादल छाए हुए हैं और लोगों को उमस से राहत मिली है।

# टोंक में भारी बारिश, बीसलपुर बांध में तीन सेमी पानी आया

**टोंक,** (निसं)। जिले में इस साल मानसून की सबसे तेज बारिश गुरुवार रात से शुक्रवार तक हुई है। इसके चलते जहां बीसलपुर बांध में भी इस सीजन में पहली बार पानी की आवक हुई है। इसी के साथ बीसलपुर बांध का जल स्तर बीते 24 घंटे में 309.66 से बढ़कर 310.26 मीटर हो गया है। इससे लोगों के चेहरों पर खुशी है। वहीं जिले में 297.66 एमएम बारिश दर्ज हुई। इसके अलावा जिले के अन्य चांदसेन बांध, टोरडी सागर में भी 24 घंटे में ही ढाई-ढाई मीटर पानी की आवक हुई है। वहीं बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक जिले सबसे ज्यादा बारिश मालपुरा क्षेत्र में हुई है। उस क्षेत्र के चांदसेन रेन गेज सेंटर पर 270 एमएम बारिश दर्ज की गई है। इसी तरह पीपलू तहसील क्षेत्र में भी तेज बारिश से सड़कें दरिया बन गई है। अस्पताल, स्कूल टापू से बन गए हैं।

इसी बीच गुरुवार रात से जिले के अधिकांश हिस्सों में रुक-रुक कर कई तेज तो कई मध्यम गति की बारिश हो रही है। यह सिलसिला अभी भी जारी है। सबसे ज्यादा बारिश मालपुरा, पीपलू क्षेत्र में हुई है। इससे खेत खलियान भर गए। सड़कें दरिया बन गई। कई स्कूलों में पानी भर गया, हालांकि अभी किसी तरह का बड़ा नुकसान होना सामने आया है। पीपलू क्षेत्र के रा. उच्च प्राथमिक विद्यालय अतलिकपुरा (डोडवाडी), राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीनगर (बगडवा) में तेज बारिश के चलते स्कूल भवनों की छत टपक पड़ी।

# बारिश के चलते करौली में कई कॉलोनियों के हालात बिगड़े

## कई कॉलोनियों के हालात तो इतने बिगड़ गए कि कॉलोनी बारिश के पानी से जलमग्न हो गई

**करौली,** (निसं)। शुक्रवार दिनभर चले बारिश के दौर से नगर परिषद क्षेत्र की कई कॉलोनियों के हालात बिगड़ गए। एक-दो कॉलोनी के हालात तो इतने बिगड़ गए कि कॉलोनी बारिश के पानी से जलमग्न हो गई और मकानों में पानी घुसने से कुछ मकानों में दरार आने से मकान मालिक भयभीत है। जलमग्न हुई कॉलोनी में प्रमुख रूप से विवेक विहार कॉलोनी के करीब पांच दर्जन से अधिक मकान है जहां पानी की आवक अधिक होने और पानी की निकासी नहीं होने से कॉलोनी के लोगों में आपस में तनाव की स्थिति बनी हुई है। नगर परिषद प्रशासन पुलिस दल के साथ पानी की निकासी में करीब 4 घंटे की मशक्कत करने के उपरांत भी पानी की निकासी नहीं होने से स्थिति जस कि तस बनी हुई है। शुक्रवार को मौसम की झमाझम बारिश और गत दिन गुरुवार को भी हुई बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से विवेक विहार कॉलोनी वासी गत 2 दिन से नगर परिषद प्रशासन के अलावा जिला कलेक्टर को अपनी समस्या से अवगत

- पानी घुसने से कुछ मकानों में दरार आने से मकान मालिक भयभीत हो गए
- नगर परिषद प्रशासन पुलिस प्रशासन के साथ जेसीबी लेकर पानी की निकासी का प्रयास कर रहे हैं

कराते हुए पानी की निकासी कि मांग कर रहे हैं। वहीं नगर परिषद प्रशासन 2 दिन से पुलिस प्रशासन के साथ जेसीबी मशीन को लेकर पानी की निकासी का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन कॉलोनी वासियो में आपसी सामंजस नहीं होने और एक दूसरे की ओर से पानी की निकासी नहीं होने देने से समस्या जस की तस बनी हुई है। शुक्रवार को नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह परिषद के करीब 8 अधिकारी, कर्मचारी और दो जेसीबी मशीनों के साथ एवं कॉलोनी वासियों के आपसी विवाद को देखते हुए पुलिस बल के साथ पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, कोतवाल सुनील कुमार, महिला-पुरुष कांस्टेबलों के जाप्ते के साथ करीब एक बजे विवेक विहार कॉलोनी पहुंचे लेकिन कॉलोनीवासियों के आपसी विवाद एक दूसरे की ओर से पानी निकासी के लिए तैयार नहीं हुए। जैसे-तैसे समझाईश के बाद प्रशासन ने पानी निकासी के लिए जेसीबी मशीन लगाकर काम चालू किया। तीन रास्तों से पानी निकासी का रास्ता बनाने के उपरांत भी पानी की निकासी नहीं होने पर कॉलोनीवासियो में आपसी विवाद की नौबत तक बन गई। इसके अलावा कॉलोनी वासियों ने नगर परिषद प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा थोड़ी शख्ती बरतने पर कॉलोनी की महिलाएं जेसीबी मशीन के सामने आकर विरोध करने पर उतारू हो गई जिसको समझाइश कर जेसीबी मशीन से पानी निकासी शुरू कराया।

# करौली में सवा चार, श्रीमहावीरजी में चार इंच बारिश हुई

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय सहित जिले में मानसून पूरी तरह मेहरबान है। लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी झमाझम बारिश का दौर चल रहा है। प्रात: करीब 7:30 बजे से रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ। बारिश का दौर दोपहर 12 बजे तक लगातार चलता रहा इस बीच कभी धीमी तो कभी तेज गति से बारिश का

- बारिश से सड़कें दरिया बन गई, वहीं नदी, तालाब और नालों में पानी की आवक जारी

दौर चला। शुक्रवार को प्रात 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक करौली जिला मुख्यालय पर झमाझम बारिश हुई जिसके चलते सड़कें दरिया बन गई।

सिंचाई विभाग के अनुसार करौली में 114 एमएम (सवा चार इंच), श्रीमहावीरजी में 106 एमएम और हिंडौन में 81 एमएम बारिश दर्ज की गई है। इसके चलते क्षेत्र के नदी, तालाब और नालों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। वहीं जिले के सबसे बड़े पांचना बांध में भी पानी की आवक हुई है। तेज बारिश के दौर के चलते मुख्यालय कि निचली



करौली में कलेक्ट्रेट सर्किल स्थित दुकानों में पानी भर गया।

कॉलोनी, बस्तियां के रास्ते पानी से लबालब हो गए। कई घरों में पानी घुस गया। इसके चलते लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उसके साथ ही प्रात: स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी हुई। बच्चे भीगते हुए स्कूल पहुंचे। वहीं कर्मचारियों को भी कार्यालय पहुंचने में देरी हुई। करौली जिला मुख्यालय पर विवेक विहार, एनएच-23 स्थिति मैगजीन क्षेत्र,कोर्ट के सामने,रामद्वारा के सामने गौशाला रोड, रेलवे रिजर्वेशन काउंटर के सामने सहित कई स्थानों पर जल भराव के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि आगामी दो दिन तक शहर के कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति होना संभव नहीं है। शहर के गणेश गेट बाहर स्थित पंप हाउस पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। उसके पेनल, मोटर पानी में डूबे हुए हैं। इसके अलावा होली खिडकिया टंकी और चौबेपाडा स्थित जलाशय से पेयजल आपूर्ति नहीं होगी।

# न्यायाधीश एस. चन्द्रशेखर ने ली शपथ

## राजस्थान हाईकोर्ट में अब हुए 33 न्यायाधीश, पर अभी 17 पद रिक्त हैं

**जोधपुर,** (कासं)। झारखंड हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर आए वरिष्ठ न्यायाधीश एस. चन्द्रशेखर को राजस्थान हाईकोर्ट में वरिष्ठ न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। शुक्रवार सुबह मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय कक्ष में आयोजित हुआ जिसकी लाइव स्ट्रीमिंग भी देखी गई। जयपुर पीठ के न्यायाधीश वीसी से जुड़े। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद विधि एवं न्याय मंत्रालय ने दो दिन पहले उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी की थी।

झारखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश एस. चंद्रशेखर का दो दिन पहले ही राजस्थान हाईकोर्ट में तबादला किया गया था। केंद्रीय विधि एवं विधिक कार्य विभाग मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस एवं वरिष्ठ न्यायाधीश एस चंद्रशेखर का स्थानान्तरण राजस्थान हाईकोर्ट में किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने 29 दिसम्बर 2023 को न्यायाधीश एस चन्द्रशेखर का राजस्थान हाईकोर्ट तबादला करने की सिफारिश की थी। जस्टिस चन्द्रशेखर ने शपथ ग्रहण के साथ ही कार्यभार संभाल लिया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मुख्य पीठ जोधपुर के सभी जस्टिस मौजूद रहे जबकि जयपुर पीठ के सभी जस्टिस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।

25 मई 1965 को जन्मे न्यायाधीश चंद्रशेखर ने 1993 में दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर से एल.एल.बी. की डिग्री ली थी और 9 दिसंबर 1993 को दिल्ली राज्य बार काउंसिल में वकील के रूप में नामांकित हुए। वे 2013 में झारखंड हाईकोर्ट, रांची के अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त हुए और 2023 से वे झारखंड हाईकोर्ट में कार्यवाहक

- मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई
- जस्टिस चन्द्रशेखर झारखंड हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर आए हैं, उनके राजस्थान तबादले की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने दिसम्बर 2023 में की थी

मुख्य न्यायाधीश है।

राजस्थान हाईकोर्ट में जस्टिस एस चंद्रशेखर के आगमन के बाद भी 17 न्यायाधीशों के पद खाली हैं। हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के 50 पद स्वीकृत हैं। हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश सहित 32 न्यायाधीश कार्यरत थे। अब जस्टिस एस चंद्रशेखर के बाद हाईकोर्ट में 33 न्यायाधीश हो गए हैं लेकिन उसके बाद भी 17 न्यायाधीशों के पद खाली हैं। जानकारी के अनुसार राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के सभी पद कभी भी नहीं भरे गए हैं। यहां न्यायाधीशों की अधिकतम संख्या 38 से 40 के बीच ही रही हैं।

राजस्थान हाईकोर्ट के अधिवक्ता विपुल सिंघवी को राष्ट्रपति द्वारा अपॉइंट किए गए पैनल में वित्त मंत्रालय के डीआरआई व जीएसटी इंटेलिजेंस केसों के लिए नियुक्ति किया है। उनकी सीनियर स्टैंडिंग काउंसिल के रुप में नियुक्ति की गई है। यहां पूर्व में भी विपुल सिंघवी सेवाएं दे चुके हैं। केंद्र सरकार के विधि मंत्रालय एवं वित्त मंत्रालय के सीनियर स्टैंडिंग काउंसिल के रूप में वह सेवाएं दे चुके हैं।

# जहाजपुर पं. स. प्रधान सीता देवी को निलंबित किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पंचायत राज विभाग के अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उप सचिव ॥ (जांच) ने एक आदेश जारी करते हुए जहाजपुर प्रधान सीता देवी गुर्जर को तुरन्त प्रभाव से प्रधान पद से निलम्बित कर दिया। यह खबर सुनते ही भाजपाइयों ने फटाके फोड़े और मिठाईयां बांटी।

आदेश मे बताया गया कि सीता देवी गुर्जर, प्रधान, पंचायत समिति जहाजपुर, जिला शाहपुरा (भीलवाडा) द्वारा राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 33 (क) एवं धारा 46 (1) में वर्णित प्रावधानों की पूर्णत: पालना सुनिश्चित नहीं करने के आरोप विभागीय जांच रिपोर्ट में प्रमाणित पाये गये हैं, जिसके लिए सीता देवी गुर्जर, प्रधान, पंचायत समिति जहाजपुर उत्तरदायी हैं। इस संबंध में प्रधान को आरोप पत्र भी दिया गया है। राज्य सरकार राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 38 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते

- 'इस निलम्बन के खिलाफ सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ाई लड़ेंगे'

हुए एतद् द्वारा सीता देवी गुर्जर, प्रधान, पंचायत समिति जहाजपुर, जिला शाहपुरा (भीलवाड़ा) को तुरन्त प्रभाव से प्रधान पद से निलम्बित करने के आदेश जारी किये। निलम्बन काल में वे पंचायत समिति, जहाजपुर के किसी कार्य एवं कार्यवाही में भाग नही लेंगी।

कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने प्रधान सीता देवी गुर्जर को निलम्बित करने पर कहा कि राज्य सरकार ने राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर एक तरफा कार्यवाही करते हुए मिथ्या आरोपों के नाम पर प्रधान सीता देवी गुर्जर को निलम्बित करने का कार्य किया है और इस निलम्बन के खिलाफ सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ाई लड़ेंगे। विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि राज्य सरकार ने जनहित व जहाजपुर की जनता हित में अच्छा निर्णय लिया है। उन्होंने तीन सालों के कार्यकाल में जो अनियमितताएं व भ्रष्टाचार किया, उनकी जांच के उपरांत ही सरकार ने यह निर्णय लिया है।

# खेतड़ी में तेज बारिश हुई, पानी के तेज बहाव में व्यक्ति बहा

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही बरसात से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। कस्बे के ऐतिहासिक भोपालगढ़ के किले पर झरने चलने से लोग नहाने के लिए पहुंचने लगे हैं। गुरूवार शाम को बारिश के दौरान मुख्य बाजार में ढलान क्षेत्र का पानी आने से रास्ते में चल रहा एक व्यक्ति बहने लगा। इसके बाद आसपास के व्यापारियों ने उसे बचा लिया।

खेतड़ी कस्बे में पहाड़ी का पानी मुख्य बाजार में आम रास्ते से होकर गुजरता है, जो पानी की आवक अधिक होने पर तेजी से पानी बहता है। कस्बे के टोड़ी मौहल्ला निवासी विजेश बरसात में मुख्य रास्ते से गुजर रहा था। इस दौरान वह तेज बहाव के साथ पानी में गिर गया और पानी के साथ बहने लगा। विजेश पशु अस्पताल में काम करता है। वह घटना के दौरान अपने घर जा रहा था। व्यापारियों ने बताया कि पानी में बहने से उसके चोटें भी आई हैं। जिसके बाद उसका उपचार करवाया गया। पानी में यदि व्यापारी पानी में बह रहे व्यक्ति को नहीं बचाते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

शहर में गुरुवार दोपहर से रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। शहर में तेज बारिश के बाद तापमान में गिरावट हुई और अब तक कुल 44 एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। करीब आधे घंटे तक हुई तेज बारिश के बाद क्षेत्र के बहाव क्षेत्र की गलिया उफनती नदियों में तब्दील सी हो गई। बरसात के पानी से जगह-जगह गलियों में कई रास्ते जलमग्न होने से आवागमन बाधित हो गया। खेतड़ी के अलावा आसपास के क्षेत्र में बरसात होने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है तथा मौसम भी सुहाना हो गया है।


राजस्थान सरकार

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक-निदे/अ.ख.स.अ.नीलामी/निलामी (ML Bajri-IV)/2024/ई-07123

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खनिजों के खननपट्टों के आवंटन के लिए 12 प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती हे। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

| क्र.सं. | जिला | ग्राम (तहसील) | खनिज | कुल प्लॉट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ब्यावर | रायपुर-I, झूठा, कुणालपुरा (रायपुर) | बजरी | 2 |
| 2 | नागौर | झिंटिया, सुरियास, रियाबडी (रियाबडी) | बजरी | 2 |
| 3 | फाली | सोनाईमाजी (पाली) | बजरी | 2 |
| 4 | जोधपुर (ग्रामीण) | संत लिखमाराम, लाखडथुम्ब (लूणी) | बजरी | 2 |
| 5 | बालोतरा | कनाना (पचपदरा) | बजरी | 2 |
| 6 | भीलवाडा | जवासियां, सायला, बरडोद (हमीरगढ) | बजरी | 1 |
| 7 | चित्तौडगढ | आकोला,चौकडी,बाबरिया खेडा, बडवई, जोयड (भूपालसागर) | बजरी | 1 |

**विशेष नोट**-1. प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण ई-ऑक्शन की शर्तें विभागीय वेबसाई www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेट फार्म प्रदाता कंपनी (MSTC Ltd. की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

(भगवती प्रसाद)IAS
निदेशक

DIPR/C/5405/2024



**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु/सामान्य शाखा/2024/1724 दिनांक :- 04.07.2024

**-: ई-निविदा सूचना-2024-25 :-**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 19.07.2024 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक (DLB2425SLOB02421) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/24/1792 आयुक्त, नगर परिषद सुजानगढ



**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति "विशिष्ट श्रेणी" बारां (राज0)**

क्रमांक:-947 दिनांक :- 03.07.2024

**बिड आमंत्रण सूचना संख्या 01/2024-25**

कृषि उपज मण्डी समिति बारां के सुरक्षा व्यवस्था ठेका (अनुमानित लागत 120.00 लाख रूपये) हेतु सुरक्षा कर्मीयों की आपूर्ति के कार्य के अन्तर्गत पंजीकृत संवेदकों/सहकारी संस्थाओं/स्वयं सेवी संस्थाओं से ठेका पद्धति पर ऑनलाईन निविदा ई-प्रोक्यूरमेंट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से दिनांक 24.07.2024 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. DAM2425SLRC00359

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, बारां

राज.संवाद/सी/24/1819



**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**

क्रमांक-सं.वि.सं. 06/EXAM/A.C.P. (Deputy Director)/EP-I /2024-25 दिनांक-05.07.2024

आयोग द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग हेतु राजस्थान कम्प्यूटर राज्य एवं अधीनस्थ सेवा नियम, 1992 के अन्तर्गत एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर/उप निदेशक (Analyst-Cum-Programmer/Director) के 45 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते है। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है-

| | |
|---|---|
| आयु सीमा | दिनांक 01.01.2025 को न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिए। |
| आवेदन अवधि | दिनांक 16.07.2024 से दिनांक 14.08.2024 रात्रि 12.00 बजे तक। |
| परीक्षा का स्थान व माह | परीक्षा स्थान व तिथि के संबंध में यथा समय सूचित कर दिया जायेगा। |

अन्य बिन्दु व सूचना-एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.-0145-2635212 एवं 2635200 पर संपर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए। DIPR/C/5577/2024 राम निवास मेहता, सचिव



**कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, संभाग प्रथम-जोधपुर**

क्रमांक-837 दिनांक-01.07.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 03/पीएमजीएसवाई/2024-25**

**NIB NO. PWD2425A0485**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जारी वित्तीय प्रोत्साहन राशि से सडक नवीनीकरण कार्य के निम्नलिखित कार्यो मय पांच साल की मरम्मत के लिए 1 पैकेज हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://pwd.rajasthan.gov.in व http://pmgsytendersraj.gov.in पर देखा जा सकता है। पैकेजवाईज यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है।

**1. PWD2425WSOB01878**

इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://pmgsytendersraj.gov.in पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।

(देवीलाल आर्य)
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता,
सा.नि.वि. संभाग प्रथम, जोधपुर

DIPR/C/5327/2024



**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान**

**आबकारी भवन 2-गुनियावाला, पंचवटी, उदयपुर-313001**

क्रमांक-F.32(B)(1)(AP)EX/L/2024-25-03000part(6)/1011 दिनांक: 05.07.2024

**पडत मदिरा की रिटेल ऑफ कम्पोजिट दुकानों के अनुज्ञापत्र हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आबकारी एवं मद्य-संयम नीति वर्ष 2024-25 के अनुसार पडत रही कम्पोजिट मदिरा दुकानों के लिए ई-निविदा प्रक्रिया से बन्दोबस्त करने हेतु निम्नानुसार ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन डाउनलोड करने की दिनांक व समय | दिनांक 06.07.2024 अपरान्ह 3.00 बजे से |
| 2 | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 09.07.2024 सायं 5.00 बजे तक |
| 3 | वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक, समय व स्थान | दिनांक 09.07.2024 को सायं 5.30 बजे से संबंधित जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय। |

**ई-निविदा में भाग लेने की शर्ते-**

1. यह निविदा वेबसाईट https://www.sppp.rajasthan.gov.in तथा विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in पर देखी/डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदाएं बेबसाईट https://www.eproc.rajasthan.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। ई-निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा, जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में लॉगिन / साइन करने हेतु काम में आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सीसीए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदादाताओ के पास पूर्व में वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, उन्हे नया सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नही है।
2. देशी मदिरा, राजस्थान निर्मित मदिरा (RML), भारत निर्मित विदेशी मदिरा (IMFL) एवं बीयर की कम्पोजिट दुकानों का जिलेवार एवं उनके आवेदन शुल्क, अनुमानित गारण्टी राशि, अमानत राशि, धरोहर राशि, पंजीकरण शुल्क का विवरण विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।
3. ई-निविदा में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक द्वारा मदिरा दुकान का फार्म डाउनलोड करके फार्म के साथ 3 प्रकिया शुल्क, आवेदन शुल्क एवं अमानत राशि के चालान राजकोष में ऑनलाईन / ऑफलाईन जमा करवाकर चालानों की प्रति अपलोड करनी होगी। इन राशियों के जमा नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदादाता को निम्नलिखित राशियां उनके सामने उल्लेखित राजकोष मद में जमा करवानी होगी :-

| क्र.सं. | विवरण | राशि (रूपये में) | राजकोष लेखा मद |
|---|---|---|---|
| 1 | RISL की प्रक्रिया पंजीकरण शुल्क | रू. 2000/- | 8658-00-102-(16) -01 (सिविल विभाग) |
| 2 | आवेदन शुल्क | निविदा के संबंध में जारी दिशा- निर्देश एवं शर्तों की शर्त संख्या 6.11 के अनुसार रू. 10,000/- से लेकर रू. 20,000 तक (अनुमानित गारण्टी राशि के अनुसार) | 0039-00-501-01-00 (आवेदन शुल्क) |
| 3 | अमानत राशि | अनुमानित गारण्टी राशि की 2 प्रतिशत | 8443-00-103-00-00 (प्रतिभूति जमा) |

ई-प्रोक पोर्टल से प्रकिया शुल्क, निविदा शुल्क एवं अमानत राशि का एक चालान जनरेट करने पर लेखा मद 0075-00-800-52-01 (निविदा प्रपत्र शुल्क) में राशि रू. एक रूपया जमा करवाकर आवेदन शुल्क का चालान पृथक से राजकोष में मद 0039-00-501-01-00 में जमा करवाया जा सकता है।

4. अनुमानित गारण्टी राशि से कम राशि की निविदा प्राप्त होने पर स्वीकृति के संबंध में सक्षम स्तर से निर्णय लिया जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने के समस्त अधिकार आबकारी आयुक्त को होगें।
5. स्वीकृत निविदादाता को धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेन्स फीस ई-निविदा के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश एवं शर्तों, जो विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है, के अनुसार जमा करानी होगी।
6. निर्धारित समय में वांछित राशियाँ यथा-धरोहर राशि, अठिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेंस फीस जमा न कराने पर स्वीकृति निरस्त कर समस्त जमा राशि जप्तराज की जायेगी।
7. मदिरा दुकानों के बन्दोबस्त हेतु वे ही व्यक्ति ई-निविदा में भाग ले सकेंगें, जो राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों, आबकारी एवं मध्यसंयम नीति वर्ष 2024-25 व भारतीय संविदा अधिनियम के तहत अनुबन्ध करने की योग्यता रखते हो। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश, आबकारी नीति वर्ष 2024-25 तथा प्रारूप अनुज्ञापत्र इत्यादि https://excise.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है, जिनका ई-निविदा में भाग लेने से पूर्व भली भाँति अध्ययन कर लेना चाहिए। अन्य जानकारी हेतु संबंधित अतिरिक्त आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
8. ई-निविदा के संबंध में अन्य प्रावधान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2024-25 एवं राजस्थानआबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बने नियम के अनुसार रहेगे।
9. ई-निविदा के संबंध में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो न्यायिक क्षेत्र संबंधित जिला ही रहेगा।

(अंश दीप)
आबकारी आयुक्त, राजस्थान

DIPR/C/____/2024



**कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति भीनमाल जिला जालोर (राज.)**

E-mail- psbhinmal@yahoo.co.in, egsmis.bnm@gmail.com, Phone-02969-222230

क्रमांक-एफ( )पसभी/लेखा/वाहन नीलामी/2024-25/172 दिनांक-24.06.2024

**वाहन नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति भीनमाल की निजी आय से क्रय की गई नॉन ए.सी. वाहन बोलेरो को नाकारा घोषित किये जाने पर जिस हालत में है उसी हालत में सार्वजनिक नीलामी बोली द्वारा गठित कमेटी के समक्ष पंचायत समिति भीनमाल के परिसर में दिनांक 16.07.2024 वक्त 2 पी.एम. पर नीलाम किया जाना है इच्छुक बोलीदाता दिनांक 16.07.2024 वक्त 12 पी.एम. तक 500/- रूपये का नीलामी शुल्क एवं 30,000/- रूपये धरोहर राशि बाबत जमा करवाकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है। नीलामी प्रक्रिया से संबंधित शेष शर्ते कार्यालय या http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर | वाहन का प्रकार | इंजन नंबर | चैसिस नंबर | वाहन मॉडल | वाहन का क्रय मूल्य | नीलामी स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| RJ-16UA-1932 | Bolero Lx MDI TC 2WD | GHA4M 62725 | MAIPL2GH KA2M90737 | 2010 | 5,85,000/- रू. | पंचायत समिति भीनमाल |

NIB NO. ZJR2425A0040, UBN NO. ZJR2425GSOB00037

(किरण भारतीय)
प्रधान
पंचायत समिति भीनमाल

DIPR/C/5333/2024

(हेमाराम)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति भीनमाल

# फर्जी डिग्री और खेल प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में दो वि.वि. के मालिक सहित तीन गिरफ्तार

## ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी के संचालक जोगेन्द्र सिंह की गर्लफ्रेंड सरिता कड़वासरा को भी रोहतक से गिरफ्तार किया है

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने फर्जी डिग्री और खेल प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में शुक्रवार को ओपीजेएस विश्वविद्यालय, सनराईज विश्वविद्यालय अलवर, एमके विश्वविद्यालय पाटन गुजरात के मालिकों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक आरोपी की गर्लफ्रेंड को भी रोहतक से हिरासत में लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि इन संचालकों ने सभी रिकॉर्ड जला दिए हैं। फिलहाल एसओजी की टीम गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने के साथ मामले में जुडे अन्य लोगों को पकडने के लिए दबिश दे रही है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वी के सिंह ने बताया कि फर्जी डिग्री जारी करने वाली ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के संचालक जोगेन्द्र सिंह (55) पुत्र ओमप्रकाश दलाल निवासी रोहतक हरियाणा और सनराइज एंड एमके यूनिवर्सिटी के संचालक जितेन्द्र यादव (38) पुत्र जिले सिंह निवासी नारनौल, हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के संचालक जोगेन्द्र सिंह की गर्लफ्रेंड सरिता कड़वासरा (50) पुत्री धर्मवीर सिंह को भी रोहतक से गिरफ्तार किया है।

दोनों आरोपियों को एसओजी की ओर से जांच के दौरान चूरू के राजगढ़ में स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी बुलाया गया था। जांच के बाद फर्जीवाड़े का पता चलने पर आरोपियों को पूछताछ के लिए जयपुर लाया गया। पूछताछ पूरी होने पर शुक्रवार सुबह दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

परिस देशमुख ने बताया कि एसओजी को चूरू के राजगढ़ स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के खिलाफ फर्जी डिग्री जारी करने की काफी शिकायतें मिली थी। जांच में सामने आया है कि साल 2013 में ओपीजेएस



**स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ( एसओजी ) ने फर्जी डिग्री और खेल प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में शुक्रवार को ओ.पी.जे.एस. विश्वविद्यालय, सनराईज विश्वविद्यालय अलवर, एमके विश्वविद्यालय पाटन गुजरात के मालिकों को गिरफ्तार किया है।**

- **ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी के संचालक जोगेन्द्र सिंह और सनराइज एंड एम.के. यूनिवर्सिटी के संचालक जितेन्द्र यादव को गिरफ्तार किया।**
- **पूछताछ में सामने आया है कि इन संचालकों ने सभी रिकॉर्ड जला दिए हैं।**
- **जांच में सामने आया है कि दलालों के जरिए फर्जी डिग्री बांटने का खेल चल रहा था। बिना मान्यता के भी यूनिवर्सिटी की ओर से फर्जी सर्टिफिकेट और डिग्री जारी की गई।**

यूनिवर्सिटी शुरू हुई थी। सरिता कड़वासरा साल 2013 से 2015 तक इस यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार के पद पर रही है।

इसके बाद 2017 से 2020 तक वह चेयरपर्सन रही थी। डीआईजी ने बताया कि 2015 से 2020 तक जितेंद्र यादव सनराइज एंड एमके यूनिवर्सिटी का संचालक बनने से पहले ओपीजेएस विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार के पद पर रहा। इस दौरान विश्वविद्यालय की ओर से हजारों की संख्या में फर्जी डिग्री जारी की गई।

देशमुख ने बताया कि साल-2020 में आरोपी जितेंद्र यादव ने ओपीजेएस यूनिवर्सिटी की पार्टनरशिप छोड़ दी। उसके बाद उसने अलवर में खुद की सनराइज यूनिवर्सिटी खोल ली। कुछ समय बाद ही एमके यूनिवर्सिटी गुजरात के पाटन में खोली। इसके बाद बूंदी में एक नई जीत यूनिवर्सिटी खोलने की तैयारी चल रही थी। मान्यता अभी सरकार से नहीं मिली थी। वहीं, आरोपी जोगेन्द्र सिंह शाहबाद (बारां) में वैदिक विश्वविद्यालय खोलने की तैयारी में था। इसका कैम्पस बनकर तैयार हो गया है।

पुलिस ने जब इनसे पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि 2015 से 2020 की डिग्री का रिकॉर्ड जलने के कारण खत्म हो गया है। जांच में सामने आया है कि दलालों के जरिए फर्जी डिग्री बांटने का खेल चल रहा था। बिना मान्यता के भी यूनिवर्सिटी की ओर से फर्जी सर्टिफिकेट और डिग्री जारी की गई।

परिस देशमुख ने बताया कि जांच में सामने आया है कि आरोपी यूनिवर्सिटी संचालकों की ओर से एडिमशन में भी फर्जीवाड़े किए। बेक डेट में एडमिशन दिए गए हैं। दलालों के साथ मिलकर फर्जी खेल प्रमाण-पत्र जारी करने का बिजनेस किया गया। गलत तरीके से गेम खिलाकर फर्जी खेल प्रमाण-पत्र देकर एडमिशन दिए गए। इन्होंने अपनी जालसाजी छिपाने के लिए 2016 से 2020 तक का रिकॉर्ड जला दिया है।

उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में टीचर्स के बारे में रिकॉर्ड देखने पर भी फर्जीवाड़ा सामने आया। विश्वविद्यालय में 27-28 लोगों का सैलेरी अकांउट है। इनमें से 8-10 नॉन टीचर स्टाफ हैं। यहां चलने वाले कोर्स की संख्या 18 है। इन्हें करवाने के लिए यूनिवर्सिटी के पास 27-28 लोग ही हैं। ये भी बड़ा फजीवाड़ा है। यूनिवर्सिटी का काम सिर्फ फर्जी डिग्री बांटने का था। आरोपी जोगेन्द्र सिंह के खिलाफ पूर्व में दो केस दर्ज हैं। इसमें गिरफ्तार भी हो चुका है।

देशमुख ने बताया कि राजस्थान के विभिन्न डिपार्टमेंट में फर्जी डिग्री दिखाकर लोग जॉब कर रहे हैं। शिक्षा विभाग को इस संबंध में अवगत करवाया गया है। विभाग की ओर से दोबारा वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जांच में सामने आया है कि विश्वविद्यालय की ओर से सबसे ज्यादा फर्जी डिग्री नॉर्थ इंडिया में बांटी गई है।

यूनिवर्सिटी की ओर से सौदा तय होने पर एडमिशन दिखाकर फर्जी डिग्री बांटी गई। फर्जी डिग्री देने के दौरान स्टूडेंट्स से 50-60 प्रतिशत ज्यादा रकम की डिमांड की जाती थी। स्टूडेंट्स सौदे की रकम देने की जिद करते थे, तो उन्हें डिग्री दे दी जाती थी, लेकिन सरकारी जॉब के लिए विभाग की ओर से जब डिग्री का वेरिफिकेशन किया जाता था तो विभाग को मना कर दिया जाता था। परेशान होकर स्टूडेंट यूनिवर्सिटी से दोबारा कॉन्टैक्ट करते थे और इसके बाद यूनिवर्सिटी उनसे ज्यादा पैसा वसूलती थी। रुपए देने पर दोबारा विभाग को विश्वविद्यालय की तरफ से गलती से रिपोर्ट भेजने का जबाव देकर वेरिफिकेशन करवा दिया जाता था।



**विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर से मुलाकात की। शुक्रवार को नजीर के अजमेर पहुंचने पर देवनानी ने सर्किट हाउस में उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। देवनानी की नजीर से यह शिष्टाचार भेंट थी।**

## मोहन लाल लाठर मुख्य सूचना आयुक्त बने

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में मोहन लाल लाठर को नियुक्ति प्रदान की है। राज्यपाल ने इसके साथ ही सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा को सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। राज्यपाल मिश्र ने राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त और आयुक्त पदों के अंतर्गत इनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने से 3 वर्ष की अवधि अथवा 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो के लिए की है।

## पोस्टर का विमोचन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत 8 अगस्त को आयोजित होने वाले अमृत पर्यावरण महोत्सव के जन जागरण पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री कार्यालय में पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने किया।

## चोरी के सात वाहनों के साथ दो बदमाश पकड़े

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने श्याम नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है और साथ ही उनके पास से चोरी के सात दुपहिया वाहन बरामद किए है। वही एक शातिर वाहन चोर मौके से फरार हो गया। जिसकी पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश मार तलाश कर रही है। साथ ही गिरफ्तार वाहन चोरों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त अपराध दिगंत आनंद ने बताया कि सीएसटी ने शामिल इलाके में कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले शिव चौधरी और सोनू बंजारा को गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपी करणी विहार जयपुर के रहने वाले हैं। जिनके पास से चुराए गए सात दुपहिया वाहन जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों का एक साथी विष्णु मीणा फिलहाल फरार चल रहा है जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी शिव सिंह चौधरी करणी बिहार थाना इलाके का हिस्ट्रीशीटर है।

## नगरीय विकास कर समिति की बैठक आयोजित

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की नगरीय विकास कर समिति की बैठक शुक्रवार को पन्नाधाय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम ग्रेटर, जयपुर द्वारा नगरीय विकास कर के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। नगरीय विकास कर समिति के चैयरमेन विकास बारेठ की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के सदस्यों में मोहित कचौलिया, छोटू राम मीणा, नवीन खटीक, छोटा देवी, मोतीलाल मीणा, संजय सिंह, जनार्दन शर्मा उपायुक्त राजस्व (प्रथम), सरिता चौधरी, सचिव, नगरीय विकास कर समिति, अरविन्द सैनी राजस्व अधिकारी, नगरीय विकास कर, राकेश शर्मा, राजस्व निरीक्षक इत्यादि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ. किरोड़ी को मनाने के प्रयास होंगे!

## डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा के समर्थन में आए कई मंत्री

**जयपुर।** कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा के इस्तीफे को लेकर भाजपा में सियासी हलचल मची हुई है। पूर्व मंत्री और दौसा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से डॉ मीणा का इस्तीफा स्वीकार नहीं करने की मांग की है। वहीं राज्य सरकार के मंत्री भी किरोड़ी की मुख्यमंत्री तथा संगठन से नाराजगी नहीं होने का हवाला देकर उनके राज्य और जनहित में काम करने की बात कही है। वहीं डॉ मीणा ने नई दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकत की। राज्य के कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा के मंत्रिमंडल से इस्तीफे के बाद भाजपा और राज्य सरकार में उथल पुथल मची हुई है। इस्तीफे के बाद होने वाले डेमेज को लेकर भी संगठन और सत्ता दोनों ही विचार विमर्श कर रहे हैं, यही कारण है कि डेमेज कंट्रोल को लेकर कवायद भी शुरू हो चुकी है। डॉ किरोडी लाल को समझाने के प्रयास शुरू किए जा रहे हैं। इनमें सबसे पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंत्री किरोड़ीलाल मीणा को मिलने दिल्ली बुलाया। मीणा ने दिल्ली में नड्डा के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। हालांकि दोनों के बीच हुई बातचीत की जानकारी नहीं मिल पाई है।

वहीं दौसा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले कन्हैयालाल मीणा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर डॉ मीणा का इस्तीफा नहीं स्वीकार करने का आग्रह किया है। मीणा ने मुख्यमंत्री से कहा कि डॉ मीणा राजस्थान में जनसंघर्ष के प्रतीक हैं, उनका पूरा जीवन गरीब मजदूर, दलित आदिवासी पिछड़ा युवा सहित सर्व समाज के प्रत्येक पीडित की समस्या निवरण के लिए संघर्ष किया। डॉ मीणा के नेतृत्व में सम्पूर्ण सामर्थ्य से कार्यकर्ताओं ने काम किया। कांग्रेस के संविधान खतरे तथा आरक्षण खत्म होने की भ्रामक प्रचार से हार का सामना करना पड़ा। डॉ मीणा का मंत्री पद से इस्तीफा देना उनकी भावुकता और वचनबद्धता को दर्शाती है। लेकिन ऐसे संघर्षशील व्यक्ति का मंत्री पद पर बने रहना आवश्यक है। कार्यकर्ताओं और जनता के साथ मीणा ने डॉ किरोड़ी का इस्तीफा अस्वीकार करने की मांग की है।दूसरी ओर डॉक्टर मीणा का इस्तीफा स्वीकार नहीं करने के समर्थन में कई मंत्री भी उतरे। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि डॉ मीणा की न मुख्यमंत्री और न ही संगठन से कोई नाराजगी है। मीणा सरकार और संगठन के साथ हैं, सब मिलकर राज्य और जनहित में काम करेंगे।

वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि डा किरोडीलाल वरिष्ठ नेता हैं संघर्ष के प्रतीक हैं। अभी इस्तीफा दिया या नहीं यह पता नहीं है। लेकिन वो सरकार और संगठन हित में काम करते रहेंगे। जनहित में के मुद्दों को लेकर काम करते रहेंगे। गृहराज्य मंत्री जवाहर बेढम ने कहा कि मीडिया की खबरें पढ़ी है ऑथेंटिक नहीं है। डॉ मीणा वरिष्ठ नेता हैं, उनका बयान था मुख्यमंत्री सीएम और संगठन से दुराभाव से नहीं हैं।

## प्रदेश में गौड ब्राह्मण महासभा 5 लाख पेड़ लगाएगी

**जयपुर ।** गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल के द्वारा संपूर्ण राजस्थान में गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के तत्वाधान में राजस्थान प्रदेश मे 5 लाख वृक्ष लगाने का संकल्प के तहत अभियान की शुरुआत विद्याधर नगर स्थित गौड़ ब्राह्मण महासभा समाज उपयोगी भवन सेक्टर 4 जयपुर में वृक्षारोपण कर की गई।

गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान संपूर्ण राजस्थान में जुलाई माह में 5 लाख से अधिक वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण करेंगे।

इस उपलक्ष में गौड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट प्रमुख महामंत्री रामस्वरूप जोशी कार्यालय मंत्री राम मोहन शर्मा हेमचंद शर्मा मुकेश उपाध्याय निलेश तनिष्क रवि शंकर शर्मा कृष्णकांत शर्मा वैध हरिराम शर्मा आदि ने सहयोग दिया।

# 'प्रदेश भर में एक ही दिन में लगाए एक लाख पौधे'

**जयपुर।** प्रदेश में जल संरक्षण और हरियाली क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से जलदाय मंत्री कन्हैया लाल के निर्देशन में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग ने अभिनव पहल करते हुए प्रदेश में एक लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू किया। मंत्री ने जल भवन में पौधारोपण कर इस अभियान की शुरुआत की और जल भवन में 500 पौधे लगाए गए।

अभियान के शुभारंभ पर जलदाय मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों को बचाना जरूरी है। जहां पेड़ बचाए जाते हैं वहां प्रकृति सुरक्षित हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत हमने प्रदेश भर में जलदाय विभाग के सभी कार्यालयों, संस्थाओं, पंप हाउसों में एक ही दिन में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि अत्यधिक जल दोहन, जल की बढ़ती मांग और भूजल के कम रिचार्ज होने के कारण राजस्थान के कई क्षेत्र डार्क जोन में सम्मिलित हो गए हैं।



**प्रदेश में जल संरक्षण और हरियाली क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से जलदाय मंत्री कन्हैया लाल ने जल भवन में पौधारोपण कर एक लाख पेड़ लगाने की शुरुआत की और जल भवन में 500 पौधे लगाए गए।**

# एन.आई.सी. द्वारा तैयार 'ई-साक्ष्य' एप लॉन्च

**जयपुर ।** देश में गत एक जुलाई से लागू नए आपराधिक कानूनों के तहत डिजिटल साक्ष्यों को एप के माध्यम से संकलित कर उन्हें क्लाउड पर स्टोरेज करने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा नई शुरुआत की गई है। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के द्वारा ई-साक्ष्य एप तैयार किया है, जिसे शुक्रवार को पूरे प्रदेश के लिए लॉंच कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक, साइबर अपराध एवं एससीआरबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि नए क्रिमिनल लॉज के तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में किसी भी अपराध से संबंधित एवीडेंस को डिजिटल रूप में संकलित एवं सुरक्षित करने का प्रावधान किया गया है।

## आठ हजार रु.का इनामी बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर ।** मुहाना थाना पुलिस ने नकबजनी, पशु चोरी, लूट, डकैती, मोबाइल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के ऊपर आठ हजार रुपए का इनाम घोषित था।थानाप्रभारी मदन कड़वासरा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दीपू नरैना जयपुर का रहने वाला है।

पुलिस ने मुखबिरों से जानकारी जुटाई तो सामने आया कि चाकसू, फुलेरा के बदमाश यह वारदात को अंजाम दे रहे है। जो आपस में रिश्तेदार है। पुलिस ने इस मामले में सोनू, मुकेश, दयाराम मीणा और राहुल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

# आग के धुएं में दम घुटने से युवक की दर्दनाक मौत

## झोटवाड़ा इलाके में निवारू रोड स्थित बाहुबली नगर का मामला

**जयपुर ( कासं )।** झोटवाड़ा थाना इलाके में मकान में अचानक आग लग गई। आग लगने से मकान में धुंआ भर गया। धुएं से दम घुटने से युवक की मौत हो गई। धुआं भरने से धमाके के साथ मकान का दरवाजा टूट गया। इस पर लोगों को घटना का पता चला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में बाहुबली नगर निवारू रोड निवासी मुकेश (33) की मौत हो गई। युवक अपने पिता रविंद्र (65) और भाई पवन (35) के साथ रहता था। गुरुवार शाम को पिता और भाई काम से सालासर गए थे। घर पर वह अकेला था। रात करीब 2:30 बजे मुकेश ने भाई पवन को कॉल कर डिग्गी कल्याण जी जाने को कहा था। देर रात मुकेश ऊपर रसोई में रखा गैस सिलेंडर नीचे कमरे में उतारकर लाया था। रात करीब 3:30 बजे घर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग से घर में रखा सामान जलने लगा। घर में धुआं भर गया। बचने की कोशिश में मुकेश के हाथ झुलस गए। फिर दम घुटने से बेहोश होकर मुकेश जमीन पर गिर गया। हर तरफ से बंद घर में धुआं भरने से दबाव बन गया। इससे धमाके के साथ गेट टूट गया। धमाके की आवाज सुनकर पड़ोसियों में दहशत फैल गई। घरों से बाहर निकलने पर पड़ोसियों को आग लगने का पता चला। लोगों की सूचना पर पुलिस और फायर बिग्रेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। घर के अंदर जमीन पर बेहोशी मिले मुकेश को कांवटिया हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि पुलिस जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगना सामने आया है।

मुकेश के किचन में रखे सिलेंडर को नीचे कमरे में लाने के पीछे का कारण पता नहीं चल सका है।

कयास लगाए जा रहे हैं कि मुकेश ने घर में खुद आग लगाई है। परिजनों से पूछताछ में सामने आया है कि मुकेश मानसिक रूप से बीमार है। पिछले 15 साल से दवाइयां चल रही है। 4 जून को उसकी मां की मौत होने के बाद वह डिप्रेशन में था। मां ही उसका ध्यान रखती थी।

मुकेश के पिता रविंद्र सचिवालय से रिटायर्ड है। मां भी सरकारी टीचर के पद से रिटायर्ड हुई थी। काफी सालों से मां-बेटे यहां रह रहे थे और रविंद्र बच्चों को सांगानेर में रहते थे। करीब 1 साल से पहले ही पत्नी की तबीयत खराब रहने पर रविंद्र यहां आकर रहने लगे थे। 4 जून को मां की मौत के बाद से मुकेश ज्यादा डिप्रेशन में चला गया। मुकेश के बड़े भाई पवन की भी पत्नी से अनबन थी। इसलिए पत्नी छोड़कर पीहर गई हुई थी।

## कार चुराने वाले दो बदमाश दबोचे

**जयपुर।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने कार चुराने वाले दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कार बरामद कर ली। आरोपी रैकी कर विद्याधर नगर क्षेत्र में पार्किंग में खड़ी कार को चोरी करके ले गए थे। पुलिस टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी मौज मस्ती और शौक को पूरा करने के लिए वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने बताया कि गिरप्तार आरोपी रामप्रसाद मीणा जयलालपुरा बोली सवाईमाधोपुर और मनीष सोलंकी डीडवाना नागौर हाल वाटिका रोड सांगानेर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद आरोपियों को चिन्हित कर उन्हें पकड़ा। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह वाहन चुराने से पहले रैकी करते थे। रैकी करने के बाद वारदात को अंजाम देते थे। कार बाइक चुराने के बाद वह उससे सस्ते दामों में बेच देते थे। आरोपी मौज मस्ती और शौक को पूरा करने के लिए वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि वाहन चुराने के बाद वह किन लोगों को बेचा करते थे। पुलिस अन्य वारदातों के खुलासे के लिए पूछताछ कर रही है।

# 2543 पदों की अंतरिम वरीयता सूची जारी

**जयपुर ।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने मिशन मोड में प्रयास कर बहुप्रतीक्षित फार्मासिस्ट भर्ती में 2543 अभ्यर्थियों की अंतरिम वरीयता सूची शुक्रवार को जारी कर दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंजूरी के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में विभाग लंबे समय से अटकी हुई भर्तियों को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास कर रहा है। इससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में करीब 10 साल पहले फार्मासिस्ट भर्ती हुई थी। इसके बाद वर्ष 2023 में विज्ञापित फार्मासिस्ट भर्ती को विभिन्न कानूनी पेचीदगियों, एफआईआर, चुनावी आचार संहिता, अंकतालिकाओं का सत्यापन, संसाधनों की सीमितता के चलते पूरी करना बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन चिकित्सा विभाग ने इस काम को मिशन मोड में पूरा करने का प्रयास किया।

- **कई बाधाओं के बावजूद फार्मासिस्ट भर्ती को अंजाम दिया विभाग ने**

सिंह ने बताया कि इस भर्ती में सबसे बड़ी बाधा अंकतालिकाओं की वैधता की जांच करवाना था। इसके लिए विभाग ने 25 टीमों का गठन किया। इन टीमों ने दूसरे राज्यों में जाकर करीब 4 हजार अभ्यर्थियों की अंकतालिकाओं का सत्यापन किया।

इसके साथ ही न्यायालय में इस भर्ती को लेकर विचाराधीन प्रकरणों में विभाग ने पुरजोर पैरवी कर भर्ती की राह खोली। चुनावी आचार संहिता के दौरान शिथिलन प्राप्त कर इस कार्य को गति दी गई। इसी का परिणाम रहा कि रिकॉर्ड समय में फार्मासिस्ट भर्ती की अंतिम वरीयता सूची आज जारी हो सकी है। निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा ने बताया कि 3067 पदों पर फार्मासिस्ट भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। अंकतालिकाओं के सत्यापन के बाद 2819 अभ्यर्थियों की वरीयता सूची तैयार की गई है। इनमें से 2543 अभ्यर्थियों की अंतरिम वरीयता सूची जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 276 अभ्यर्थियों का परिणाम प्रतीक्षा में रखा गया है। 248 पदों का बैकलॉग रहा है। जिन अभ्यर्थियों परिणाम प्रतीक्षा में रखा गया है, उनके दस्तावेजों की विभागीय स्तर पर जांच उपरांत समयबद्ध रूप से नियमानुसार वरीयता सूची जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के माध्यम से अराजपत्रित संवर्ग के विभिन्न 20 हजार 630 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को गति दी गई है। इनमें से नेत्र सहायक, डेंटल टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन, लैब टेक्नीशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर के 3105 अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं। साथ ही, फार्मासिस्ट के 2543 पदों के लिए अंतरिम वरीयता सूची आज जारी की जा चुकी है।

## सार-समाचार

### 'हरियालो राजस्थान एवं हरियालो बारां' के तहत पौधारोपण की अपील

**छीपाबड़ौद** (निसं)। थीम के तहत क्षेत्र मे अल सुबह से ही बूंदाबांदी जारी है, इसी के मध्य नजर, छीपाबड़ौद उपखण्ड में अधिक से अधिक पौधे लगाने का आग्रह तहसीलदार राजवीर यादव ने सभी निवासियों से किया है। अभियान के शुभारंभ के तौर पर तहसील परिसर मे पौधरोपण किया। साथ ही अवगत कराया कि इस मानसून मे उपखण्ड क्षेत्र में 80,000 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा जो वन विभाग, पंचायती राज, शिक्षा विभाग, उपखण्ड क्षेत्र के सभी कार्मिको के सहयोग से शत प्रतिशत पूर्ण करेंगे। मौके पर उन्होंने क्षेत्र के सभी निवासियों से भी अपील की, अपने आवास के निकट, खेतो-खलियानो मे भी ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाने की उम्मीद जताई हे।इस दौरान आफिस कानूनगो मनमोहन सिंह मीना, त्रिलोकचन्द भील वरिष्ठ सहायक, रामचंद्र वाहन चालक, गृह रक्षा दल के लड्डू लाल, महेंद्र कुशवाह मौजूद रहे।

### 'बरसात के मौसम में सावधानी बरतें'

**बूंदी** (निसं)। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बरसात के मौसम में जिले के आमजन को विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो गया है। इस मौसम कुछ विशेष सावधानियां बरतकर अनावश्यक जनहानि से बचा जा सकता है। साथ ही होने वाली परेशानी से भी बचाव होगा। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि बरसात के समय में भरे हुए पानी तथा बिजली के खुले तार या खुला हुआ ऐसा सिस्टम, जिससे करंट आने की संभावना हो उसके पास नहीं जावे। उन्होंने कहा कि इस मौसम में आकाशीय बिजली गिरने की संभावना होती है, इसलिए पेड़ के पास अथवा पेड के नीचे शरण नहीं लें। इस संबंध में एनडीआरएफ की ओर से बचाव के लिए जारी वीडियो के अनुसार स्वयं का बचाव करें और अन्य लोगों को भी जारूगक करें।

### विद्यार्थियों को टेबलेट देने की मांग

**नैनवां** (निसं)। स्कूल शिक्षा परिवार के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल रंगीला ने कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं को भी टैबलेट देने की मांग की।स्कूल शिक्षा परिवार के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल रंगीला ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल गोयल को प्रार्थना पत्र देकर 12वीं कक्षा की कृषि संकाय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी टैबलेट दिलवाने की की मांग की। ताकि कृषि संकाय से जुडे छात्र-छात्राओं को भी टेक्नोलॉजी में आगे बढने का अवसर प्राप्त हो। क्योंकि भारत एक कृषि प्रधान देश रहा है ऐसे में कृषि संकाय को टैबलेट की उतनी ही जरूरत है जितनी अन्य छात्र छात्राओं को उन्होंने सत्र 2021-22 एवं सत्र 2022-23 के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के नाम भी टैबलेट सूची में जोड़ने के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान सरकार एवं शिक्षा मंत्री को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराने का प्रयास किया है।

### नितिन अग्रवाल युवा प्रदेशाध्यक्ष बने

**छबड़ा** (निसं)। पिछले दिनों जयपुर में आयोजित अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रांतीय अधिवेशन में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग की मौजूदगी में प्रदेशाध्यक्ष गिरीष गर्ग, युवा राश्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज जिंदल की अनुशंषा पर छबड़ा निवासी नितिन अग्रवाल को पूर्वी राजस्थान के युवा प्रदेशाध्यक्ष के पद पर मनोनित किया। अग्रवाल संगठन मंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश आईटी सेल संयोजक, प्रदेष महामंत्री के पद पर रहकर समाज को मजबूती प्रदान कर चुके हैं। इस पर नितिन ने प्रदेश महामंत्री सन्मति हक्कारा, युवा राष्ट्रीय महामंत्री राजेश अग्रवाल और राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया।

### क्षतिग्रस्त मार्ग को दुरूस्त कराने की मांग

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद के दीगोद खालसा रोड पर महावीर नगर के निवासियों ने तहसीलदार को कॉलोनी की सड़कें दुरूस्थ करवाने हेतु ज्ञापन सौंपा है। बार संघ अध्यक्ष पटवर्धन सिंह ओर मेघराज मीणा एडवोकेट ने बताया कि कॉलोनी वासियों ने स्वयं के खर्च पर सड़कें बनाई हे लेकिन पंचायत द्वारा वहां कोई विकास नहीं है। सभी सड़कों को खोद कर पाईप लाईने डाली जा रही है जिसकी एनओसी पंचायत द्वारा दी गई। पूरी सड़कें क्षतिग्रस्त कर दुरूस्त नही कराई गई। जिससे मुहल्लेवासियों को निकलने में भारी परेशानी इस बारिश में आ रही है। इस हेतु महिलाओं ओर बच्चों ने प्रदर्शन भी किया था। ज्ञापन के समय भी यह उपस्थित रहे।

### बूंदी इनरव्हील को 9 अवार्ड मिले

**बून्दी** (निसं)। कोटा में आयोजित हुए इनर व्हील क्लब के डिस्टिक असेंबली मंथन 2024 कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब बून्दी को एक्सीलेंट वर्क अवार्ड सहित 9 अवार्डों से सम्मानित किया गया। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष पूर्णिमा दीक्षित ने बताया कि वर्ष 2023-24 में बूंदी क्लब को 9 अवार्ड प्रदान किए गए, जिसमें एक्सीलेंट वर्क अवार्ड भी सम्मिलित हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्ष सुनीता सोमानी, रेखा शर्मा, विमलेश सोनी ,पवित्र शर्मा, पुष्पा चौधरी, आशा अग्रवाल ,किरण शर्मा ,गायत्री गुप्ता, मंजू जिंदल,साधना न्याति, सुलोचना शर्मा भी मौजूद रही।

### विद्यालय में पाठ्यपुस्तक वितरित

**रामगंजमंडी** (निसं)। श्री हीरा भाई पारीख राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमंडी में शुक्रवार को पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज सरकार के निर्देशों की पालना में विद्यालय में उपस्थित सभी छात्राओं को पाठ्यपुस्तकों का प्रधानाचार्य एवं स्टॉफ ने वितरण किया। विशेष अतिथि के रूप में हमारे विद्यालय के सेवानिवृत व्याख्याता दिनेश कुमार गुप्ता उपस्थित हुए।गार्गी मेहता द्वारा पुस्तकों का अपने जीवन में क्या महत्व है बताया गया।इसी क्रम में इन्वेस्टमेंट के अर्थ पर व्याख्याता मुरली मनोहर शर्मा ने प्रकाश डाला साथ प्रधानाचार्य ने पुस्तकों को सच्चा दोस्त बताया। सभी बालिकाओं ने पुस्तकों को पाकर खुशी जाहिर की।

### दो घरों से घरेलू सामान चोरी

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में चोरी की वारदाते थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात्रि को अज्ञात चोरों ने डीएसपी ऑफिस के समीप स्थित यादव मोहल्ले के दो घरों से घरेलू सामान चुरा लिए। पीड़ितों ने थाने में परिवाद दे दिया है। घनश्याम जाटव द्वारा थाने में दिए परिवाद में बताया कि अज्ञात बदमाश उनके घर से दो क्विंटल गेहूं, एक साईकिल व एक खाली गैस का सिलेण्डर चुरा ले गए। वही, इसी रात्रि में राजमल जाटव के घर से गैस की टंकी चूल्हा सहित चुरा लिया। पुलिस ने मामले में जांच प्रारंभ कर दी है।

### पौधारोपण किया

**छीपाबड़ौद** (निसं)। छीपाबड़ौद के टांचा कालातालाब स्थित हनुमान मंदिर पर सघन पौधरोपण अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गये। इस दौरान विधायक अनुज महाराजसिह सिंघवी, प्रधान नरेश मीना छीपाबडौद, हरिओम नागर छबडा, युवा मोर्चा के नवल मेहता, टांचा सरपंच गोपाल नागर, सुंदरलाल नागर,केलाश देवरी समेत पछाड, टांचा, गणेशपुरा, बमोरी घांटा,कोहनी के जागरूक नागरिक मौजूद रहे।

### समाजशास्त्र प्रायोगिक परीक्षा नौ को

**बून्दी** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय बूंदी के बी.ए तृतीय वर्ष समाजशास्त्र विषय के सभी नियमित एवं पूर्व-छात्र (नियमित व पूर्व छात्र) की प्रायोगिक परीक्षा 9 जुलाई 2024 मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से कमरा संख्या 121 एवं 122 आयोजित की जावेगी। उक्त प्रायोगिक परीक्षा में विद्यार्थी किसी सामाजिक विषय पर 10-15 पृष्ठ की एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगें तथा मौखिक परीक्षा देगें। संबंधित विद्यार्थी परीक्षा की जानकारी हेतु महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर संबंधित सूचना का अवलोकन करें।

### स्वास्थ्य विभाग की बैठक हुई

**रामगंजमंडी** (निसं)। शहर में शुक्रवार को आयोजित स्वास्थ्य विभाग की मासिक ब्लॉक मीटिंग में जिला स्तर से पहुंचे डिप्टी सीएमएचओ हैल्थ डॉ घनश्याम मीना डीपीएम नरेन्द्र वर्मा ने विभागीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा कर प्रगति सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही रामगंजमण्डी उपखण्ड में मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम, हरि-वन वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने संबधी निर्देश भी दिए।

# छबड़ा : पहली ही बारिश में पुलिया निर्माण कार्य की पोल खुली

**छबड़ा** (निसं)। भीलवाड़ाऊंचा नदी पर बन रही निर्माणाधीन पुलिया की पहली बरसात में ही पोल खुल गई। जिससे कारण अब ग्रामीणो को अन्य गांवो से संपर्क कट गया हैं, जिससे उन्हे आवागमन में परेषानी का सामना करना पड रहा हैं। वही, ग्रामीणो ने ठेकेदार द्वारा उक्त कार्य में की गई लीपापोती पर गहरी नाराजगी जताई है।

सरपंच रानी बाई ने बताया कि इस वर्श बेथली नदी पर पीडब्ल्यूडी द्वारा ठेकेदार के माध्यम से पुलिया का निर्माण करवाया गया था। ठेकेदार द्वारा पुलिया के दोनो और सीसी नही कर मिट्टी भरकर कार्य बंद कर इतिश्री कर ली। ठेकेदार की इस लापरवाही से विभाग के एक्सईएन, एईएन, जेईएन को अवगत करवाने के बावजूद भी अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई हैं।


पुलिया के दोनों ओर सी.सी. की जगह मिट्टी डालकर खानापूर्ति की गई।

उन्होने विभाग के उच्चाधिकारियों से उक्त कार्य की संपूर्ण जांच करवाकर दोशी ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की।

वहीं, भाकिसं के कृश्णगोपाल के अनुसार अगर एक-दो दिन में पुलिया का कार्य पूर्ण नही हुआ तो सड़क पर बैठकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। क्योकि भीलवाडाऊंचा का संपर्क अन्य गांवो से सम्पर्क टूट गया हैं। प्रतीक षर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस पर आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन करने की बात कही है।

### पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर

**बून्दी** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय तालेडा में दुर्गा देवी की 12 वी पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में बरसती बसारत में आकर 51 युवाओं ने रक्तदान किया। दुर्गा देवी की तस्वीर पर पुष्पांजली के साथ प्राचार्य डॉ बृज किशोर शर्मा ने 38 वीं बार रक्तदान करके रक्तदान शिविर की शुरुआत की। इस दौरान प्रो. रघुराज परिहार, प्रो. राजेंद्र प्रसाद मीणा, प्रो. दिलीप कुमार, अमन सेन, विशाल वर्मा, रामदत्त मीणा, प्रो. मुकेश मीणा, प्रो. गिर्राज मीणा, नर्सिंग ऑफिसर रामलक्ष्मण मीणा पुष्पांजली अर्पित की। प्राचार्य डॉ. बृज किशोर शर्मा ने महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ, मेडिकल टीम व सहयोग करने वाले समस्त विद्यार्थियों व रक्तवीरों का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्राचार्य डॉ. ब्रजकिशोर शर्मा, नितिन मालव, अनिल मीणा सिंती, अभिषेक, विनोद कुमार प्रजापत, दिनेश कुमार मीणा, संदीप सुमन, लविश गुर्जर, गंगाराम मीणा, नावेद अख्तर, आशा योगी, राकेश कुमार पंच, साहिल गौरी आदि ने रक्तदान किया।

# 'एससी वर्ग के किसानों की नियम विरुद्ध बेची गई जमीनों की उच्च स्तरीय जांच हो'

**बूंदी** (निसं)। बूंदी के.पाटन विधायक सीएल प्रेमी बैरवा ने गुरुवार को विधानसभा में अधिकारियों की मिलीभगत से एससी श्रेणी के किसानों की जमीन को अवैध तरीके से दूसरे वर्ग के लोगों को बेचे जाने का मामला उठाया।

विधायक प्रेमी ने विधानसभा में नियम 295 विशेष उल्लेख पर बोलते हुए कहा कि तहसील छबड़ा में राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से कबाडी चमार, जाटव, यादव, हम्माल, जाटव आदि जाति के लोगों की जमीन जो एससी श्रेणी में आते है। उनको नियम विरुद्ध तरीके से सामान्य वर्ग के लोगों को बेच दिया गया है। तहसीलदार छबडा द्वारा एससी श्रेणी के कबाड़ी, चमार जाति के लोगों के जाति प्रमाण पत्र में बदलाव कर तथा उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य जाति का मान कर उनकी जमीन सामान्य वर्ग के लोगों को बिकवा दी।

राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 यथा संशोधित एवं राजस्थान राजस्व भू अभिलेख नियम 1957 के नियम 369 के अंतर्गत जाति सम्बन्धी त्रुटि को संबंधित पक्षकारों को नोटिस देकर एवं सुनकर दुरुस्त किया जा सकता है। राज्य सरकार ने अपने परिपत्र 26/12/1995, 1/11/1996 एवं समय समय राजस्व अभिलेख में काश्तकारों की जाति नाम अपमानजनक व गलत दर्ज जाति संबधित त्रुटियों को नियमानुसार दुरूस्त करने के निर्देश जारी किये थे।

तहसील छबडा के निवासी बहादुर कबाडी जाति चमार की जमीन खसरा सं 111/395 बीघा जमीन को शशीबाला कालरा पत्नी नंदकिशोर कालरा जाति महाजन ने नियम विरूद्ध तरीके से खरीद लिया। इसी प्रकार रमेश पुत्र गोरधन कबाडी जाति चमार की ग्राम चाचौड़ा में खसरा संख्या 100, 13 बीघा 5 बिस्वा का 1/5 हिस्सा बृजमोहन मीणा पुत्र मांगीलाल मीणा निवासी चाचोडा ने खरीद ली। इसी प्रकार ऋषभ कुमार जैन पुत्र शांतिलाल जैन, राजू सिंघवी पुत्र नरेन्द्र सिंघवी जाति महाजन ने भी एससी वर्ग के किसानों की जमीन नियम विरूद्ध तरीके से खरीद ली।

तत्कालीन तहसीलदार छबडा दिलीप प्रजापति ने मिलीभगत कर एससी श्रेणी के लोगों की जमीन को नियम विरुद्ध तरीके से सामान्य वर्ग के लोगों को और भू माफियाओं को बिकवा दिया। विधायक सीएल प्रेमी ने राज्य सरकार से इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करवानें और एससी वर्ग के किसानों की जमीन को नियम विरुद्ध तरीके से बिकवाने वाले तत्कालीन तहसीलदार और अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की।

# 'सत्रारंभ में निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण से विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा'

**बूंदी** (निसं)। महारानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में यूसीईईओ स्तरीय निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक राजेन्द्र कुमार व्यास, सहायक निदेशक धनराज मीणा, अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी युवराज सिंह, एसडीएमसी सदस्य एवं पार्षद टीकमचंद जैन, एसडीएमसी सदस्य महेश पौटोदी एवं प्राचार्या कनक शर्मा मंचासिन रहे।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महावीर कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विभाग का निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण और अमृत पर्यावरण महोत्सव 'एक पेड़ देश के नाम' के तहत सघन वृक्षारोपण पर काफी फोकस हैं। इस दौरान इन्होंने विद्यार्थियों के साथ साथ सभी कर्मचारियों को भी


महारानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण कार्यक्रम हुआ।

कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाने और उनकी सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी लेने की भी बात कही। प्राचार्या कनक शर्मा ने कहा कि सत्र के आरंभ में ही निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण से विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा और उनकी पढ़ाई अच्छे से हो सकेगी। कार्यक्रम में शिक्षा अधिकारियों सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए गए। अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक वितरण के पश्चात विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया।

### 'मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना के तहत वार्षिक सत्यापन कराएं'

**बूंदी** (निसं)। विभाग की मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजनान्तर्गत विधवा महिलाओं एवं विधवा महिलाओं के विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों का वार्षिक सत्यापन करवाया जाता है सत्यापन के अभाव में विधवा

- **'सत्यापन के अभाव में विधवा महिलाओं को कोरोना पेंशन का भुगतान किया जाना संभव नहीं'**

महिलाओं को कोरोना पेंशन एवं उनके बच्चों को कोरोना बाल सहायता का भुगतान किया जाना संभव नहीं है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी रामराज मीना ने बताया कि जिले में कोरोना विधवा पेंशन के लिए 214 विधवाएं एवं विधवा महिलाओं के 122 बच्चे सत्र 2024-25 के लिए वार्षिक सत्यापन से लंबित है। प्रार्थी योजना का नियमित रूप से लाभ प्राप्त करने के लिए अपने बच्चों का विद्यालय, आंगनबाड़ी द्वारा जारी सत्र 2024-25 का अध्ययनरत प्रमाण पत्र ई-मित्र के माध्यम से या जिला कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में सम्पर्क कर करवा सकते हैं।

# ग्राम पंचायतों को मॉडल ओ.डी.एफ. प्लस बनाकर बेहतर ग्राम पंचायत बनाएं : जिला कलेक्टर

**बूंदी** (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन योजना की जिला स्तरीय बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें जिले के समस्त ग्रामों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत कार्य करवाकर समस्त ग्रामों को मॉडल ओडीएफ प्लस के रूप में विकसित करने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों के प्रत्येक ग्रामों को 15 अगस्त तक मॉडल ओडीएफ प्लस घोषित करवाया जावे। इस संबध में कम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों में विशेष प्रयास किए जाए। इसके अलावा ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की अनुमोदित डीपीआर में शामिल कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं और आवश्यकतानुसार ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की डीपीआर में संशोधन किया जावे।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गांवों में शमशान के लिए भूमि आवंटित नहीं है, उन स्थानों के लिए प्रस्ताव बनाकर भिजवाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि मनरेगा के तहत अधिक से अधिक कार्य स्वीकृत किए जाए। उन्होंने निर्देश दिए


स्वच्छ भारत मिशन योजना की जिला स्तरीय बैठक जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

कि विकास अधिकारी उनके क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में 20-20 कार्य कैटल शेड और मेडबंदी के मनरेगा में स्वीकृत कराएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि श्री गोपाल गौशाला डाबी में निर्माणाधीन गोवर्धन बायोगैस प्लांट का विकास अधिकारी एवं सहायक अभियंता नियमित निरीक्षण करे एवं साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करे।

उन्होंने विकास अधिकारी एवं सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवतापूर्ण करवाया जावे। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन भवनों के कार्य शीघ्र पूर्ण करवाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सांसद एवं विकास कोष से स्वीकृत कार्यो की प्रगति बढाई जावे।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दुर्गाशंकर मीना ने सभी ग्राम पंचायतों के प्रत्येक ग्रामों में तरल एवं ठोस कचरा प्रबंधन के लिए अनुमोदित डीपीआर के कार्यों को 31 जुलाई तक पूरा करवा कर ग्रामों को ओडीएफ प्लस घोषित करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन ग्रामों में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के कार्य पूर्ण हो गया है उनको मॉडल ओडीएफ प्लस घोषित करवाया जावे। इसके साथ ही मॉडल ओडीएफ प्लस घोषित ग्रामों के कराए गए अन्तर ब्लॉक सत्यापन में पाई गई कमियों को भी सही करवाकर पुनः भौतिक सत्यापक करवाया जावे।

उन्होंने कहा कि कचरा संग्रहण केन्द्र (आरआरसी) निर्माण के लिए जिन स्थानों पर जगह का आवंटन हो गया है, उनकी स्वीकृतिया जारी करें तथा जिनकी स्वीकृतिया जारी हो चुकी है उनका कार्य प्रारम्भ करवाया जावे। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लक्ष्य के अनुसार शौचालय विहीन पात्र लाभार्थियों के नाम जोडे कर नियमित भुगतान किया जावे।

बैठक में संयुक्त निदेशक, पशु पालन विभाग डॉ. रामलाल मीणा, संयुक्त निदेशक कृषि महेश कुमार शर्मा, आयुक्त नगर परिषद अरूणेश शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन जिला परियोजना समन्वयक निजामुद्दीन, विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### 'मौजूदा दौर में उर्दू अदब का मंजरनामा' कार्यक्रम

**कोटा,** (निसं)। उर्दू विभाग, राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय था 'मौजूदा दौर में उर्दू अदब का मंज़र नामा' कार्यक्रम की शुरुआत में असिस्टेंट प्रोफेसर अली रज़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया जिसके बाद प्रो. नुसरत फ़ातिमा कार्यक्रम की विषयवस्तु पर रौशनी डाली। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नामवर साहित्यकार और आलोचक प्रो. सब्ते हसन नक़वी थे। लखनऊ विश्वविद्यालय से आए प्रो. नक़वी ने अपने व्याख्यान में उर्दू साहित्य के महत्वपूर्ण बिंदुओं के अलावा 'अर्थ' (उमंदपदह) के अर्थ, तरक़्क़ी पसंद, जदीदियत, और माश्बाद जदीदियत तहरीक पर रौशनी डाली। साथ ही कहा कि 'साहित्य का दर्शन' भी एक अति महत्वपूर्ण विषय है और साहित्य के साथ-साथ पढ़ाया जाना चाहिए। अपने व्याख्यान के बाद प्रो. नक़वी ने छात्र-छात्राओं के सवालों का भी जवाब दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. नईम फलाही ने की और अपने अध्यक्षीय भाषण में छात्र-छात्राओं को खूब पढ़ने के साथ साथ साहित्यिक समझ पैदा करने सलाह दी। इसी दौरान बारिश में अलवर से आए अनीस अहमद खान ने ग़ज़ल गुनगुना कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। अंत में डॉ. तरन्नुम ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन विभाग के शोधार्थी अफ़ज़ल अली अफ़ज़ल ने किया। इस अवसर पर उर्दू विभाग के सभी पूर्व तथा वर्तमान शोधार्थी उपस्थित रहे।

### 90 लाख 70 हजार का क्लेम खारिज

**बून्दी** (निसं)। न्यायालय मोटर दावा अधिकरण क्रम 1 बूंदी की न्यायाधीश अर्चना मिश्रा ने इफको टोकियो जनरल इंश्यो कंपनी के विरुद्ध कालूलाल नामक व्यक्ति की दुर्घटना मृत्यु के 90 लाख 70 हजार रुपए के क्षतिपूर्ति क्लेम बऊनवान मंजू बाई बनाम सोदानवगैरह को बाद सुनवाई खारिज कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि मृतक की मृत्यु ट्रैक्टर से गिरने से हुई है ना की पैदल चलने के दौरान ट्रैक्टर के टक्कर मारने से। इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता अजय नुवाल ने कहा कि पुलिस अनुसंधान अधिकारी ने अनुसंधान में मृतक को पैदल चलना बताकर केवल खानापूर्ति करके चालान पेश किया है जो पुलिस थाना सदर के रिकॉर्ड से ही विपरीत हैं। इससे पुलिस अनुसंधान अधिकारी की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगता है जिसने न केवल महत्वपूर्ण तथ्यों को छुपाया है बल्कि अदालत को गुमराह तक किया है। अनुसंधान अधिकारी का ऐसा कृत्य न केबल निंदनीय है बल्कि उसके खिलाफ कार्यवाही हेतु आईजी कोटा को लिखा जाकर कार्यवाही नतीजा न्यायालय को भिजवाए जाने के आदेश दिए हैं। प्रार्थीगण की ओर से पैरवी अधिवक्ता रमेशचंद्र अग्रवाल ने की।

### श्रमिकों को परामर्श दिया

**रामगंजमंडी**(निसं)। निरोगी कोटा स्वस्थ कोटा अभियान के तहत शुक्रवार को रामगंजमण्डी उपखण्ड के जुल्मी स्थित पत्थर खदान परमार स्टोन माइंस पर चिकित्सा विभाग की ओर से सिलिकोसिस व टीबी स्क्रीनिंग, जागरूकता शिविर लगाया। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि शिविर में खदान और आसपास के क्षेत्रों में काम करने वाले 65 स्थानीय श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया। इस दौरान 18 श्रमिकों का बीपी और 8 की शुगर जांच भी गई। 5-5 श्रमिकों को स्पूटम जांच और चेस्ट एक्सरे के लिए रैफर किया। शिविर कार्यक्रम प्रभारी डीटीओ डॉ एसएन मीणा ने बताया कि शिविर में लोगों को सिलिकोसिस रोग से बचाव के उपाय, साधन अपनाने की हिदायत दी।

### बैराज से अजगर को रेस्क्यू किया

**कोटा,** (निसं)। शहर के कोटा बैराज परिसर में एक बड़े अजगर सांप निकलने मामला सामने आया है।यह अजगर बैराज के 19 नंबर गेट के नजदीक दीवार पर बने हॉल में घुसा हुआ था।इसे बैराज के कर्मचारियों ने देखा। इसके बाद उन्होंने पर्यावरण प्रेमी गोविंद शर्मा को इसकी सूचना दी। गोविंद शर्मा बैराज पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने इस अजगर को कड़ी मशक्कत कर निकाला। दो पत्थरों के बीच बने छेद में यह अजगर फंसा हुआ था। इसके लिए बैराज के दीवार के पत्थर को पहले हटाया गया। अजगर को लाडपुरा रेंज के जंगलों में वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर छोड़ दिया गया है।

### 62 रेलकर्मियों का स्वास्थ्य जांचा


**कोटा,** (निसं)। मण्डल रेलवे चिकित्सालय कोटा में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सुपर्णा सेन राय के मार्गदर्शन में रेलवे कर्मचारियों एवं उनके आश्रितो हेतु दिनांक 05 जुलाई को मल्टीस्पेशलिटी स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में सर्वोदय हॉस्पिटल फरीदाबाद के हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं हृदय रोग विशेषज्ञ ने निशुल्क अपनी सेवाएं प्रदान कर कर्मचारियों को लाभान्वित किया। शिविर में कुल 62 कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

### निःशुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर आज

**कोटा,** (निसं)। विश्व जूनोसिस दिवस के अवसर पर बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में वैक्सीन निर्माता दवा कम्पनी इंडियन इम्यूनोलोजिकल के सहयोग से निःशुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर एवं तकनीकी सेमिनार का आयोजन शनिवार 6 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। उप निदेशक बहुउद्धशीय निदेशक पशुपालन विभाग ने शहर के नागरिकों का आव्हान किया है कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में अपने पालतू श्वान एवं बिल्लियों का रेबीज टीकाकरण करवाएं।

### कार्यशाला आयोजित

**कोटा,** (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा विशेष जागरूकता अभियान के तहत को राजकीय जनजाति बालिका बहुउद्देय छात्रावास छत्रपुरा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत डीएचईडब्ल्यू प्रतिनिधि व सखी वन स्टॉप सेन्टर के प्रतिनिधियों के द्वारा संसद से पारित तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी प्रदान की एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।



बुमराह जैसा खिलाड़ी एक पीढ़ी में पैदा होता है और हमें खुशी है कि वह हमारे लिए खेलता है। बुमराह के लिए यह जिंदगी में एक बार होने वाला अनुभव था। उनका साथ होना मैदान में हमारे लिए विशेष है। **- विराट कोहली**

भारतीय क्रिकेटर, जसप्रीत बुमराह के बारे में कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **हार्दिक पंड्या**



**वनडे** विश्व कप में टखने की चोट के बाद पंड्या की वापसी की यात्रा निराशा और हताशा से भरी हुई थी। लेकिन उन्होंने विपरीत परिस्थितियों के खिलाफ अत्यधिक लचीलापन और दृढ़ संकल्प दिखाया। पंड्या ने अहमदाबाद में मुंबई इंडियंस की टीम का नेतृत्व किया तो उनकी हूटिंग की गई। लेकिन जब पंड्या टी-20 विश्व कप के लिए मैदान पर उतरे तो यह सब अतीत की बात हो गई। पंड्या ने यहां परेड से पहले ट्रॉफी के साथ अपनी सेल्फी पोस्ट करते हुए लिखा, "जल्द ही मिलते हैं, वानखेड़े।" स्टेडियम के अंदर हार्दिक...हार्दिक के नारे गूंज रहे थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** बेसबॉल में औसतन 108 टांके होते हैं क्रिकेट बाल में 65 से 70 के बीच तथा फुटबॉल में 642 से अधिक टांके लगाये जाते हैं।

## ओलंपिक के लिए पेरिस रवानगी से पहले मोदी से मिले एथलीट्स, पीएम ने दिया विजय-मंत्र



नई दिल्ली, 5 जुलाई। पेरिस ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों की रवानगी से पहले पीएम मोदी से उनसे शुक्रवार को खास मुलाकात की। इस दौरान पीएम ने खिलाड़ियों को विजय मंत्र भी दिया। भारत पेरिस ओलंपिक के लिए लगभग 120 खिलाड़ियों का दल भेज रहा है और उसे उम्मीद है कि इस बार वे टोक्यो ओलंपिक से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में सात पदक जीते थे जिनमें से नरीज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया गोल्ड मेडल भी शामिल है।

वहीं, पीएम मोदी ने नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निकहत जरीन और ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु से वर्चुअल बातचीत भी की। इसके अलावा उन्होंने ओलंपिक के लिए पहली बार जाने वालों को विजय-मंत्र दिया। पीएम ने कहा कि, आप ओलंपिक में जाने और जीतने के मूड में हैं और मैं आपके जीतने के बाद वापस आने पर आपका स्वागत करने के मूड में हूं। मेरी कोशिस है कि मैं खेल जगत से जुड़े हमारे देश के सितारों से मिलता रहूं, नई चीजें सीखता रहूं और उनके प्रयासों को समझता रहूं और सरकार के तौर पर अगर व्यवस्थान में कुछ बदलाव की जरूरत है, कुछ प्रयासों को बढ़ाने की जरुरत है तो मैं इस दिशा में काम करता रहता हूं मेरी कोशिश है कि सभी से सीधा संवाद हो।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम खेलने जा रहे हैं हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने जा रहे हैं। ओलंपिक भी सीखने का एक बहुत बड़ा क्षेत्र है जो सीखने की प्रवृति के साथ काम करता है, उसके लिए सीखने के अनेक अवसर हैं। जो शिकायत में जीना चाहते हैं उनके लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है। हमारे जैसे देशों से लोग वहां जाते हैं उन्हें कई कठिनाइयों और असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन उनके दिल में उनका देश और उनका तिरंगा झंडा होता है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार भी आप खेल के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करेंगे।

इस दौरान पीएम ने टॉप बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु से बातचीत की। सिंधु ने कहा, मैं तीसरी बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। मैंने 2016 में रजत पदक जीता था और 2020 में मैंने कांस्य पदक जीता। मुझे इस साल पदक का रंग बदलने की उम्मीद है, मुझे इस साल एक और पदक की उम्मीद है। इसके अलावा पीएम ने पेरिस ओलंपिक में भाग लेने से पहले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ी से भी चर्चा की।

## दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 12 रनों से हराया, सीरीज में 1-0 की बनाई बढ़त



चेन्नई, 5 जुलाई। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने भारत को पहले टी-20 मैच में 12 रन से हराया। अफ्रीका द्वारा मिले 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 4 विकेट पर 177 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स (53), शेफाली ने (18), मंधाना (46) और हेमलता (14) रन बनाकर आउट हो गई।

आखिरी ओवर में भारत को जीत के लिये 21 रन चाहिये थे। परंतु भारतीय टीम 8 रन ही बना सकी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मैच चेन्नई में खेला जा रहा है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 189 रन बनाए हैं। अफ्रीका की ओर से ब्रिट्स ने सर्वाधिक 81 रन बनाए। भारत के लिए पूजा और राधा ने 2-2 विकेट चटकाए। इसके जवाब में शेफाली वर्मा और स्मृति ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी हुई। शेफाली 18, मंधाना 46 और हेमलता 14 रन बनाकर आउट हुईं।

दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाजलौरा वोल्वाड्‌र्ट और ब्रिटस ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई है। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी हुई। कप्तान लौरा वोल्वाड्‌र्ट 22 गेंद में 33 रन बनाकर आउट हुईं। राधा यादव ने उन्हें आउट किया।मारिजैन कैप और ब्रिट्स के बीच दूसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 96 रन की साझेदारी हुई। कैप 33 गेंद में 57 रन बनाकर आउट हुईं।क्लो ट्रायोन ने 12 रन बनाए। ब्रिट्स आखिरी गेंद पर आउट हुईं। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाए।

## पाक तीन देशों के लिए सात टेस्ट मैचों की करेगा मेजबानी

लाहौर, 5 जुलाई। पाकिस्तान आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले बंगलादेश, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के लिये सात टेस्ट मैचों की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने घरेलू सत्र के कार्यक्रम की तारीखों का ऐलान किया। जिसके तहत चैंपियंस ट्राफी से पहले पाकिस्तान तीन देशों के लिए सात टेस्ट मैचों की मेजबानी करेगा। टूर्नामेंट से पहले तैयारियों के मद्देनजर पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच ट्राई सीरीज खेली जाएगी। ये सीरीज आठ से 14 फरवरी तक मुल्तान में होगी। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए केवल एक मसौदा कार्यक्रम जारी किया है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान 21 अगस्त से तीन सितंबर तक रावलपिंडी और कराची में एक-एक टेस्ट खेलेगा। इसके बाद पाकिस्तान, इंग्लैंड के साथ सात से 28 अक्टूबर तक मुल्तान, कराची और रावलपिंडी में तीन टेस्ट मैच खेलगा। इसके बाद पाकिस्तान का ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे का सीमित ओवरों का दौरा और दक्षिण अफ्रीका का सभी प्रारूपों का दौरा होगा। ऑस्ट्रेलिया में तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच 4-18 नवंबर तक खेले जाएंगे। पाकिस्तान जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच खेलेगा। ये मैच 24 नवंबर से पांच दिसंबर तक बुलावायो में खेले जाएंगे। पाकिस्तान का दक्षिण अफ्रीका दौरा 10 दिसंबर से टी-20 सीरीज के साथ शुरू होगा तथा 26 दिसंबर से सात जनवरी तक क्रमशः सेंचुरियन और केपटाउन में दो टेस्ट मैच खेले जायेंगे।

## यूकी भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी विम्बलडन के दूसरे दौर में पहुंची



लंदन, 5 जुलाई। भारत के यूकी भांबरी और फ्रांस के ओलिवेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक और अलेक्जेंडर शेवचेंको को मुकाबले में हराकर विम्बलडन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गयी है। भांबरी और ओलिवेट्टी की जोड़ी ने कोर्ट नौ पर 58 मिनट तक चले मुकाबले में अलेक्जेंडर बुब्लिक और अलेक्जेंडर शेवचेंको की जोड़ी को सीधे 6-4, 6-4 से हराया।

मैच के दौरान इंडो-फ्रेंच जोड़ी ने तीन बार सर्विस तोड़ी और सर्विस पर दो ब्रेक प्वाइंट बचाए। भांबरी और ओलिवेट्टी की अगले दौर में जर्मनी के केविन क्राविएट्ज़ और टिम पुएट्ज से भिड़ंत होगी। वहीं एक अन्य मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी और ल्यूक जॉनसन की जोड़ी को फ्रांस की एल सल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पाविक की जोड़ी ने सीधे सेट में 6-4, 7-5 से हराया।



## जोकोविच, फर्नले को हराकर विम्बलडन के तीसरे दौर में

लंदन, 5 जुलाई। सात बार के विंबलडन चैंपियन सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ब्रिटेन के जैकब फर्नले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर विंबलडन चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पहुंच गये है। ऑल इंग्लैंड क्लब में खेले गये मुकाबले में, एक महीने पहले घुटने में लगी चोट के बावजूद जोकोविच ने ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रा में अपना पहला मैच खेल रहे ब्रिटिश वाइल्डकार्ड जैकब फर्नले पर 6-3, 6-4, 5-7, 7-5 से जीत दर्ज की। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच तीसरे दौर में मुकाबला एलेजांद्रो टेबिलो और फ्लेवियो कोबोली के मैच के विजेता से होगा। मैच के बाद जोकोविच ने फर्नले के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, जैकब को शानदार मैच के लिए बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने शानदार प्रयास किया और बहुत बढ़िया टेनिस खेला।

## ये तो शुरुआत है, अभी तो बहुत दूर जाना है : जसप्रीत बुमराह

### बुमराह ने संन्यास के कयासों को सिरे से खारिज किया



वानखेड़े, 5 जुलाई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने के बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने टी20 फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। इसके बाद जसप्रीत बुमराह के लिए अलग अलग कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन भारतीय क्रिकेटर अब राहत की सांस ले सकते हैं। दरअसल, जसप्रीत बुमराह ने अपने रिटायमेंट प्लान का खुलासा का ऐलान कर दिया था। बता दें कि, बुमराह ने अपने संन्यास से जुड़े सवालों और कयासों को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

गुरुवार को बारबाडोस से स्वदेश लौटी टीम इंडिया का दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में जोरों शोरों से स्वागत हुआ। वहीं मुंबई में विक्ट्री परेड का आयोजन भी किया गया। ये विक्ट्री परेड नरीमन प्वाइंट्स से शुरू होकर वानखेड़े स्टेडियम तक जाकर थमी। जहां टीम के सम्मान समारोह की तैयारी पहले से कर ली गई थी। इसी समारोह में बुमराह ने संन्यास के कयासों को सिरे से खारिज कर दिया।

जसप्रीत बुमराह ने विक्ट्री सेलिब्रेशन में अपने रिटायमेंट पर बात की। उन्होंने कहा कि, अभी ये बहुत दूर है। मैंने अभी तो शुरुआत की है। ये सब अभी बहुत दूर है। जस्सी ने वानखेड़े की यादों को जिक्र भी किया, उन्होंने कहा कि ये मैदान बहुत खास है। मैं जब बच्चा था तब यहां आया था आज मैंने जो देखा, इससे पहले कभी नहीं देखा।

30 वर्षीय तेज गेंदबाज ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में 15 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। उन्होंने वर्ल्ड कप जीत पर कहा कि, टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद हर खिलाड़ी के चेहरे पर खुशी के आंसू थे। मैं अपने बेटे को देखकर भावुक हो गया। आमतौर पर ऐसा नहीं होता लेकिन उस वक्त मेरे पास कहने के लिए शब्द नहीं थे मैंने रोना शुरू कर दिया और दो-तीन बार रोया।

## आईसीसी ने किया बुमराह, रोहित, मंधाना को प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित

दुबई, 5 जुलाई। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह और रोहित शर्मा तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, मैया बाउचिर और विशमी गुणरत्ने को प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया। आईसीसी की ओर से प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए जारी की गई नामांकित सूची में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और और अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, इंग्लैंड की मैया बाउचिर, श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने भी शामिल है। बुमराह ने जून में हुये टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में 15 विकेट चटकाए। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब से नवाजा गया। वहीं रोहित शर्मा ने टी-20 विश्वकप के आठ मैच में 156.70 स्ट्राइक रेट से एक बार नाबाद रहते हुए 257 रन बनाए। उन्होंने तीन अर्धशतक भी बनाये थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 92 रन रहा था। आफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने टी-20 विश्वकप में 35.12 की औसत और 124.33 के स्ट्राइक रेट से कुल 281 रन बनाए। महिला वर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ (210) दोहरा शतक बनाने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना, श्रीलंका की विश्मी गुणरत्ने ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला में तथा इंग्लैंड की मैया बाउचिर को भी उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ की नामांकन सूची में शामिल किया गया है।

## नई खेल नीति खिलाड़ियों को करेगी प्रोत्साहित : पठानिया

धर्मशाला, 5 जुलाई। कांग्रेस के विधानसभा में उप मुख्य सचेतक तथा पावर लिफ्टिंग ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश पावर लिफ्टिंग के अध्यक्ष केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार की नई खेल नीति का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है। पठानिया ने कहा है कि पुरस्कार राशि में वृद्धि खेलों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ने के साथ खेलों में उत्कृष्टता हासिल होगी।

## अब युवाओं के हाथ में होगी कमान, भारत-जिम्बाब्वे का पहला मैच हरारे में

### पिछले 5 टी-20 मैचों में 2 बार जीता है जिम्बाब्वे

### मैच सायं 4.30 बजे से सोनी स्पोर्ट्स पर

हरारे, 5 जुलाई। भारत और जिम्बाब्वे के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज का पहला मैच शनिवार को खेला जाएगा। भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे, जबकि जिम्बाब्वे टीम की कमान सिकंदर रजा के हाथों में होगी। भारतीय टीम वर्ल्ड टी20 रैंकिंग्स में टॉप पर काबिज है। दरअसल, भारतीय टीम नंबर-1 बनने के बाद पहली बार जिम्बाब्वे के खिलाफ खेल रही है। वहीं, आंकड़े बताते हैं कि इस फॉर्मेट में जिम्बाब्वे ने भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी है।

जिम्बाब्वे ने पिछले 5 टी20 मैचों में भारत को कड़ी टक्कर दी है. जिम्बाब्वे ने भारत को 2 बार हराया है, जबकि भारतीय टीम को 3 बार जीत मिली है। वहीं, अब तक भारत और जिम्बाब्वे का टी20 फॉर्मेट में 8 बार आमना-सामना हुआ है, जिसमें टीम इंडिया ने 6 बार बाजी मारी है। जबकि जिम्बाब्वे ने 2 बार भारत को हराया है।

भारत और जिम्बाब्वे के बीच कुल 8 टी20 हरारे में खेले गए हैं। इस मैदान पर भारत पहली बार साल 2010 में टी20 खेला था। हरारे स्पोर्ट्स क्लब को सेलिसबरी स्पोर्ट्स क्लबके नाम से जाना जाता है. अब तक इस मैदान पर 41 टी20 खेले जा चुके हैं। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को 23 बार जीत मिली है, जबकि 17 बार टीमों ने सफलतापूर्वक रनों का पीछा किया है। इस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए एवरेज स्कोर 156 रन है। जबकि दूसरी पारी में एवरेज स्कोर 139 रन है।

भारतीय समयुसार मैच शाम 4.30 बजे शुरू होगा। लेकिन भारतीय फैंस लाइव स्ट्रीमिंग और ब्रॉडकास्ट कैसे देख पाएंगे? भारतीय फैंस भारत-जिम्बाब्वे टी20 सीरीज सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख पाएंगे। इसके अलावा सोनी लिव एप पर लाइव स्ट्रीमिंग देख पाएंगे।

## त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी कनाडा ओपन के क्वार्टरफाइनल में



कैलगरी, 5 जुलाई। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने महिला युगल स्पर्धा में नतास्जा एंथोनीसेन और एलिसा तिर्टोसेंटोनो की डेनमार्क-नीदरलैंड जोड़ी पर जीत दर्ज करते हुए कनाडा ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। मार्किन-मैकफेल सेंटर में गुरुवार को खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी को पहले गेम में मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए 48 मिनट में मैच 17-21, 21-7, 21-8 से जीत लिया।

सातवीं वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे की सीह पेई-शान और हंग एन-त्जु की जोड़ी से भिड़ेंगी। पहले राउंड में डेनमार्क के शटलर रासमस गेम्के को हराने वाले प्रियांशु राजावत ने पुरुष एकल में राउंड ऑफ 16 मुकाबले में जापान के ताकुमा ओबायाशी पर 21-19, 21-11 से जीत दर्ज की। भारतीय शटलर राजावत शुक्रवार को डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से मुकाबला करेंगे।

वहीं भारतीय महिला एकल बैडमिंटन खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत, पुरुष युगल जोड़ी कृष्णा प्रसाद गर्गा और साई प्रतीक के और मिश्रित युगल जोड़ी रोहन कपूर और रूथविका गड्डे अपने-अपने मुकाबले हार गये। उपाध्याय को कनाडा के मिशेल ली ने तीन गेमों में 21-14, 17-21, 21-13 के स्कोर से हराया। हेमंत थाईलैंड की खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ 11-21, 13-21 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष युगल स्पर्धा में कृष्णा प्रसाद गर्गा और साई प्रतीक को चीनी ताइपे की जोड़ी लिन बिंग-वेई और सु चिंग हेंग से 19-21, 21-18, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। कपूर और गड्डे, दूसरे गेम में वापसी के बावजूद, चेन चेंग कुआन और सू यिन-हुई की चीनी ताइपे जोड़ी से 15-21, 21-19, 9-21 से हार गए।

## क्रिकेट टीम की जीत पर गर्व, अब हमारी बारी : हरमनप्रीत सिंह



नई दिल्ली, 5 जुलाई। टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार जीत पर भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह को गर्व है और उनका वादा है कि पेरिस ओलंपिक में उनकी टीम भी देशवासियों को फिर इसी तरह से जश्न मनाने का मौका देगी। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी खिताब के लिये 11 साल का इंतजार खत्म करते हुए बारबडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीता।

चैम्पियन टीम का स्वदेश लौटने पर पलक पांवड़े बिछाकर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इस महीने के आखिर में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिये शिविर में मसरूफ भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने को दिये विशेष इंटरव्यू में कहा, "एक खिलाड़ी होने के नाते बड़े टूर्नामेंट में जाना और अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप जीतना,उससे बड़ी कोई बात नहीं है। पूरा देश आपके साथ झूम रहा है। इससे बड़ी गर्व की बात क्या हो सकती है।"

बतौर कप्तान पहला लेकिन कैरियर का तीसरा ओलंपिक खेलने जा रहे 28 वर्ष के इस ड्रैग फ्लिकर ने कहा, " हमारी भी यही कोशिश है कि ओलंपिक जाकर पदक जीते और स्वर्ण पदक जीतकर देशवासियों को यही खुशी फिर से दें। देश के साथ इन पलों को हम भी जियें। मेरे लिये इससे बड़ी गर्व की बात नहीं होगी।" उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए कहा," पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल हारने के बाद उन्होंने टी20 विश्व कप जीता जो बहुत बड़ी बात है। रोहित का भी काफी लंबा सफर रहा है और उन्होंने कई उतार चढाव देखें हैं।

पूरे देश को और हमें भी उन पर गर्व है।" तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हरमनप्रीत ने कहा," जब तोक्यो में हमने 41 साल बाद पदक जीता तो हॉकी के लिये यह टॉनिक की तरह रहा। इस बार हमारी जिम्मेदारी बढी है और सभी को पता है कि उस पदक के बाद कितना प्यार और सम्मान मिला है।" उन्होंने कहा कि तोक्यो ओलंपिक के सफर का हर पल उन्हें आज भी याद है और ताउम्र नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा ," पदक जीतने का अहसास कभी नहीं भुलाया जा सकता। टीम में जो नये खिलाड़ी आयें हैं ,हम उनके साथ अपना अनुभव बांटते हैं कि ओलंपिक पदक जीतना आसान नहीं होता। वे भी ध्यान से सुनते हैं और पूरे जोश से मेहनत करते हैं।"

## महाराष्ट्र सरकार ने टीम इंडिया को 11 करोड़ का इनाम देने की घोषणा की

वानखेड़े, 5 जुलाई। भारतीय टीम रोहित शर्मा की अगुवाई में टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीतने के बाद गुरुवार को भारत आई थी और उसके बाद पीएम मोदी ने टीम से मुलाकात कर खिलाड़ियों को बधाई दी और फिर टीम इंडिया को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में सम्मानित किया गया। इसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को महाराष्ट्र सरकार ने सम्मानित किया। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल को मिलने के लिए बुलाया और उन्हें सम्मानित किया। सीएम शिंदे ने रोहित शर्मा को छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा भेंट की। रोहित शर्मा ने महाराष्ट्र विधान सभा में नेता पक्ष और विपक्ष को संबोधित किया और सीएम शिंदे का आभार व्यक्ति किया। रोहित शर्मा ने इस दौरान कहा कि सूर्यकुमार यादव ने बताया कि गेंद उसके हाथ में फंस गई थी। भगवान का शुक्र है कि ऐसा हुआ, वरना मैं उसे पकड़ लेता। वहीं महाराष्ट्र सरकार ने टीम इंडिया की जीत के लिए 11 करोड़ रुपये इनाम के रूप में देने का ऐलान किया। देवेंद्र फडणवीस ने इस मौके पर कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति में एकता नहीं है लेकिन कैप्टन रोहित शर्मा की वजह से आज हम सब टीम इंडिया के लिए एकजुट हैं।

## मुंबई से कभी भी विश्व कप फाइनल की मेजबानी मत छीनना : आदित्य ठाकरे

मुंबई, 5 जुलाई। शिव सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई में टी20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत बीसीसीआई के लिए संदेश भी है कि देश की वित्तीय राजधानी से कभी भी किसी बड़े टूर्नामेंट का फाइनल मैच मत छीनो। ऐसा लगता है कि ठाकरे की टिप्पणी भारतीय क्रिकेट बोर्ड की आलोचना के लिए थी जिसने 2023 में आईसीसी वनडे विश्व कप की मेजबानी में इसका फाइनल मुंबई के बजाय अहमदाबाद को दिया था। भारत पिछले साल नंबर में हुए विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गया था।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को सीतापुरा में ज्वैलरी एसोसियन द्वारा आयोजित ''जस-2024'' का उद्घाटन किया।*

# 'राजस्थान के कुल निर्यात में रत्न आभूषणों की हिस्सेदारी 11,183 करोड़ रूपए रही है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रत्न आभूषणों की प्रदर्शनी ''जस 2024'' का उद्घाटन करते हुए कहा

- **शर्मा ने कहा कि, जयपुर आभूषण उद्योग का दिल है, यहाँ के कारीगरों द्वारा बनाए गए आभूषणों की विश्व भर में विशिष्ट पहचान है।**
- **मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार के सहयोग से जैम्स एण्ड जूलरी पार्क स्थापित करने की घोषणा की, जिससे एक लाख रोज़गार सृजित होंगे।**
- **मुख्यमंत्री ने उद्घाटन कार्यक्रम में जैम्स वर्ल्ड मैगजीन का विमोचन भी किया।**

जयपुर, 5 जुलाई (का.सं.)। शुक्रवार को जूलरी एसोसिएशन द्वारा सीतापुरा स्थित जे.ई.सी.सी. में आयोजित ''जस-2024'' के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गुलाबी नगरी जयपुर विश्व पटल पर रत्न आभूषणों के लिए विख्यात है। जैम्स जूलरी बिजनेस राज्य की आर्थिक प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, साथ ही रोजगार सृजन का भी मुख्य साधन है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस उद्योग को बढ़ावा देने तथा उद्यमियों के लिए व्यापार को सुगम बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि जयपुर में बनाए गए आभूषण दुनियाभर में अपनी खूबसूरती और शिल्प कौशल के लिए पहचाने जाते हैं। इसी वजह से राज्य सरकार द्वारा ''एक जिला एक उत्पाद'' योजना के तहत जयपुर में रत्न एवं आभूषणों को चिन्हित किया गया है। जिसके तहत राज्य सरकार इस क्षेत्र को और अधिक विकसित बनाने के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्थान के कुल निर्यात में रत्न-आभूषणों की हिस्सेदारी 11 हजार 183 करोड़ रुपये की रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने सोने के आभूषणों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाया है। इससे आभूषण उद्योग और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के साथ मिलकर जैम्स एण्ड जूलरी पार्क स्थापित किया जाएगा, जिससे 1 लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कारीगरों का प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक एवं शोध में निवेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिससे यह उद्यम अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू सके। शर्मा ने कहा कि जयपुर के कारीगरों द्वारा बनाई गई जूलरी को देश-विदेश में अपनी एक अलग पहचान मिलती है क्योंकि जयपुर आभूषण उद्योग का हृदय है। उन्होंने उद्यमियों से आ ान किया कि वे इस उद्योग में लगे कारीगरों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए और अधिक कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने जैम्स वर्ल्ड मैग्जीन का लोकार्पण किया तथा वहां लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने प्रदर्शनी के माध्यम से जयपुर की जूलरी को शोकेस करने हेतु मंच उपलब्ध कराने के लिए आयोजनकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधायक कल्पना देवी, जूलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक सौंखिया, नेशनल काउंसिल ऑफ इंडिया जेम्स एंड जूलरी के अध्यक्ष प्रमोद डेरेवाला, जूलर्स एसोसिएशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्मल बरड़िया सहित बड़ी संख्या में इस क्षेत्र से जुड़े उद्यमी मौजूद थे।

# मालपुरा में 13 इंच बरसात, 44 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

## गुरुवार मध्यरात्रि से शुरु होकर दस घंटे लगातार बरसात हुई

- **सहोदरा नदी के उफान में फंसे तीन युवक, चार घंटे चला बचाव कार्य।**
- **तीन दर्जन से अधिक मकान गिरे, दो दर्जन मवेशियों की मौत।**
- **मालपुरा शहर व कई गांव जलमग्न हो गये। बिजली के केन्द्रों पर पानी भर जाने और बिजली के खम्भे टूट जाने से विद्युत वितरण व्यवस्था भी ठप्प हो गई।**

मालपुरा, 5 जुलाई (निसं)। गुरूवार की मध्य रात्रि के बाद तेज गर्जना के साथ शुरू हुई मूसलाधार बरसात ने 44 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुये तबाही का कहर बरपाया। अस्सी के दशक में हुई तबाही का मंजर एक बार फिर 2024 में देखने को मिला। शुक्रवार दोपहर तीन बजे तक लगातार बारिश जारी रहने से शाम 4 बजे तक मालपुरा में 13 इंच से अधिक बरसात दर्ज की गई।

नगरपालिका प्रशासन द्वारा मानसून पूर्व बरसाती नालों की सफाई नहीं करवाने, नालों पर हुये अतिक्रमण नहीं हटाने और आपदा प्रबंधन के इंतजाम नहीं करने का खामियाजा शहरवासियों को तबाही के रूप में भुगतना पड़ा है। शहर व गांव की सड़कें दरिया बन गईं, आवासीय कॉलोनियाँ व कई गांव टापुओं में तब्दील हो गये तथा 132 केवी जी.एस.एस. स्टेशन पर भारी मात्रा में पानी भर जाने से दस घंटे तक मालपुरा शहर अंधेरे में डूबा रहा। ग्रामीण क्षेत्र में दर्जनों विद्युत पोल टूट जाने से विद्युत व्यवस्था ठप्प हो गई। शहर के नवीन मंडी, महावीर मार्ग, ट्रक स्टेण्ड, बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन, पुरानी तहसील, मीर कॉलोनी, बृजलाल नगर, दूदू रोड की सड़कें दरिया बन गईं। मकानों व दुकानों में चार से पांच फीट पानी भर जाने से लोगों को करीब 3 करोड़ से अधिक आर्थिक नुकसान हुआ है। विद्युत पोल धराशायी होने के साथ-साथ चांदसेन, अम्बापुरा, मालपुरा कस्तूरबा बालिका विद्यालय, सरकारी अस्पताल, टाउन नम्बर 5 स्कूल सहित दर्जनों सरकारी भवनों की चार दीवारी व कमरे धराशायी हो गये। साथ ही दो दर्जन से अधिक मवेशी अकाल मौत का शिकार हो गये। डेयरी प्लांट के एक दर्जन पोल व डीपी पानी में बह गये। आसमान से बरसी आफत व तबाही से चारों और चीख पुकार शुरू हो गई। स्थानीय प्रशासन लोगों को राहत पहुंचाने में बेबस व लाचार नज़र आया।

रिकॉर्ड बरसात के कारण शहर के प्राचीन बम्ब तालाब व झालरा तालाब में हुई पानी की भारी आवक से महज छः घंटों में तालाब पर चादर चल गई। रेल्वे स्टेशन की कॉलोनियों में गले तक पानी भर जाने से वाहन पानी में तैरते नजर आये। सिंचाई विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, शाम चार बजे तक मालपुरा व चांदसेन में 13 इंच से अधिक बरसात हुई। क्षेत्र के प्रमुख बांधों में पानी की भारी आवक से केरवालिया व कलमंडा बांध पर चादर चल गई।

टोरडी सागर बांध में 20 फीट, चांदसेन में 14 फीट, किरावल में 4 फीट, लाम्बाहरिसिंह में 8 फीट पानी की आवक हुई। चांदसेन की जैलमियां ढाणी में मकान की दीवार ढह गई जिसके नीचे दबकर 9 बकरियाँ मर गई। कल्याणपुरा में पक्का मकान धराशायी हो गया। अजमेर रोड श्मशान घाट की दीवार का लम्बा भाग धराशायी हो गया। अम्बापुरा स्कूल के चार कमरे धराशायी हो गये। सहोदरा नदी में पानी की भारी आवक व उफान के कारण तीन युवक ट्रैक्टर के साथ नदी के बीच में फंस गये। सूचना मिलने पर तहसीलदार राहुल पारीक ने मय जाप्ते के मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों के सहयोग से बचाव कार्य शुरू किया। तकरीबन चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ड्रोन की सहायता से नदी के बीच फंसे युवकों तक रस्सी पहुँचाई गई जिसके सहारे युवकों को सुरक्षित नदी से निकाला गया।

इसी प्रकार नारेडा विद्यालय में ड्यूटी के लिये जा रहा शिक्षक साजिद खान बाइक सहित पानी के बहाव में बह गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत करके शिक्षक की जान बचाई। दर्जनों दुपहिया व चौपहिया वाहन पानी में बह गये। कई गांव-ढाणियों के सड़क मार्ग टूट जाने से आवागमन बंद हो गया। बारह घंटे तक चले तबाही के मंजर के बावजूद जिला स्तरीय अधिकारियों ने मालपुरा पहुंच हालात का जायजा लेना मुनासिब नहीं समझा।

### पूर्व विधायक ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

में मलिंगा सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें जमानत दी गई। जमानत मिलने के बाद उसने याचिकाकर्ता को धमकाया और जुलूस निकाल कर कानून का मजाक उड़ाया। इसके अलावा मलिंगा ने अदालत में गलत तथ्य पेश कर जमानत ली है। मलिंगा के खिलाफ गवाह को धमकाने को लेकर एफ.आई.आर. भी दर्ज हुई है। याचिकाकर्ता घटना के बाद से अस्पताल में भर्ती है। ऐसे में आरोपी को मिली जमानत को रद्द किया जाए।

सरकारी वकील शेरसिंह महला ने भी याचिकाकर्ता के तथ्यों पर सहमति जताते हुए आरोपी की जमानत रद्द करने की गुहार की, जिसका विरोध करते हुए मलिंगा की ओर से कहा गया कि उन पर लगाए गए आरोप झूठे हैं और उन्होंने जमानत का दुरुपयोग नहीं किया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी मलिंगा को मिली जमानत को रद्द कर उसे सरेंडर करने को कहा है। गौरतलब है कि मलिंगा के खिलाफ याचिकाकर्ता ने मार्च 2022 में मारपीट व एससी-एटी एक्ट में केस दर्ज कराया था। इसमें मलिंगा पर आरोप लगाया था कि विभाग के ऑफिस में मीटिंग के दौरान मलिंगा और उनके साथ 5-6 लोग आए और उन्होंने उनके साथ मारपीट की। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें एस.एम.एस. अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# डॉ. किरोड़ी लाल मीणा दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष नड्डा से मिले

## दस दिन बाद पुनः दिल्ली जाएंगे किरोड़ी लाल मीणा

- **डॉ. मीणा के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनसे इस्तीफा देने का कारण पूछा था।**
- **मीणा ने नड्डा को बताया कि, जिस क्षेत्र में 40-45 साल से सेवा कर रहा हूँ वहां लोग मुझसे विमुख हो गए, यह मुझे बर्दाश्त नहीं है।**
- **किरोड़ी ने नड्डा से यह भी कहा, लोकसभा चुनाव में मैंने कहा था कि, प्रत्याशी को जिता नहीं पाया तो इस्तीफा दूँगा, मेरी क्रैडिबिलिटी बनी रहे इसलिए इस्तीफा दिया।**

जयपुर, 5 जुलाई (का.सं.)। प्रदेश में मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद डॉ किरोड़ीलाल मीणा शुक्रवार को दिल्ली गए। दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर हुई मुलाकात के बाद भी किरोड़ीलाल मीणा अपने इस्तीफे के स्टैंड पर कायम हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा से मिलने के बाद किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि मैंने इस्तीफा बहुत पहले दे दिया था। उजागर कल किया था, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझे 11:15 पर मिलने बुलाया था। उन्होंने मुझसे पूछा इस्तीफा क्यों दिया, मैंने कहा एक ही कारण है कि मैं 40-45 साल से जिस क्षेत्र में सेवाएं दे रहा हूं, न दिन देखा न रात देखा, न गर्मी न सर्दी देखी। वो लोग मेरे से विमुख हो गए, यह चीज मैं बर्दाश्त नहीं कर सकता। नैतिकता के नाते मंत्री पर छोड़ दिया, क्योंकि मैंने लोकसभा चुनाव में इसकी घोषणा की थी।

मीणा ने कहा कि मैं अपने विधानसभा और संसदीय क्षेत्र में पार्टी को जीत नहीं दिला सका यही कारण है और कोई कारण नहीं है। इस्तीफा वापसी के सवाल पर कहा कि यह अलग बात है, 10 दिन बाद मिलूंगा, फिर बताऊंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुझे इस्तीफे से मना किया था, कहा था कि मेरे साथ रहना जरूरी है। क्योंकि मैंने जनता के बीच में घोषणा की थी तो मेरी क्रेडिबिलिटी बनी रहे, रिलायबिलिटी बनी रहे, वचन दिया था वह पूरा होना चाहिए, इसलिए इस्तीफा दिया।

डॉ. किरोड़ी ने कहा कि यह बात सही है कि इमरजेंसी में मोदी के साथ काम किया है, मैं मीसा में भी बंदी रहा हूं, यातनाएं भी बहुत दी गईं। मैं पार्टी लाइन नहीं छोड़ता, पार्टी के अनुशासन में रहता हूं। मोदी मुझे बहुत स्नेह करते हैं, मित्रवत संबंध रखते हैं, मैं भी उनका बहुत आदर करता हूं।

मीणा अपने भाई को दौसा से टिकट दिए जाने की पैरवी के सवाल पर किरोड़ीलाल ने कहा कि यह गलत है, ऐसी कोई बात नहीं है। चुनाव में जहां भी मेरे को भेजा जाएगा, मैं वहां काम करूंगा। तीन उप चुनाव ऐसे क्षेत्रों में हैं, जो एसटी बाहुल्य क्षेत्र हैं, मैं वहां काम करूंगा। हम उम्मीदवारों को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। हम पद के लिए राजनीति में नहीं आए, पद की मेरी कोई चाहत नहीं है। किसी से कोई नाराजगी नहीं है। हम तो राष्ट्रभक्ति के भाव से काम करने आए हैं, यह संस्कार है देश कैसे मजबूत हो, उसके लिए पद मिले तो काम करना, न मिले तो भी काम करना है।

### महुआ मोइत्रा...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

खान ने, उसी तर्क के आधार पर कहा था कि राष्ट्रपति भवन तथा संसद भवन भी ढहा दिए जाने चाहिए क्योंकि ये भी ''दासता के प्रतीक हैं'' सच तो यह है कि इस प्रकार के विवादास्पद बयानों की सूची बहुत लम्बी है।

मोइत्रा की टिप्पणी के सम्बन्ध में एनसीडब्ल्यू ने एक्स पर की गई एक पोस्ट में कहा है ''एनसीडब्ल्यू ने एनसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन के खिलाफ मोइत्रा की अपमानजक टिप्पणी का स्वप्रेरित संज्ञान लिया है। यह भद्दी टिप्पणी घोर अपमानजक तथा नारी की गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है तथा यह टिप्पणी ''भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 79 का ध्यान आकर्षित करती है। उनके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज होनी चाहिए तथा तीन दिन के अन्दर आयोग को दस सम्बन्ध में हुई कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट मिल जानी चाहिए।

### 2024 के लोकसभा चुनाव में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

वर्षों से मध्यप्रदेश कांग्रेस को संचालित एवं नियन्त्रित करते रहे हैं।

परिणाम यह हुआ कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी तथा कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ भी अपनी पुश्तैनी सीट छिंदवाड़ा गंवा बेठे। ज्ञातव्य है कि इस सीट पर कांग्रेस 1953 से नहीं हारी थी।

कमलनाथ और उनके बेटे भाजपा में करीब-करीब शामिल हो गए थे लेकिन मामला बिगड़ गया तथा वे वापस कांग्रेस में ही बन रहे। और इस प्रकार उनकी विश्वसनीयता लगभग समाप्त हो गई।

उनका बेटा दूसरा कमलनाथ नहीं हो सकता और जहाँ तक कांग्रेस नेतृत्व का प्रश्न है, कमलनाथ के दिन राजनैतिक रूप से लद गये हैं जबकि तथ्य यह था कि वे गांधी परिवार के बहुत नजदीक थे तथा वे कुछ कह देते थे या जो भी चाहते थे, वह अपने आपमें अन्तिम एवं निर्णायक माना जाता था तथा कोई उसे काट नहीं सकता था।

वे दिन अब गुज़र चुके हैं और कमलनाथ भी अब राजनैतिक रूप से समाप्त प्रायः ही है।

राहुल गांधी के नेतृत्व के चलते वे ताकतवर क्षेत्रीय क्षत्रप, जिनकी साख समाप्त हो गई है तथा जिनका ट्रैक-रिकॉर्ड संदिग्ध रहा है, अब नहीं चल सकते तथा उनके स्थान पर अब युवा और ज्यादड़ा विश्वनीयत नेता कभी राज्यों में केन्द्रीय भूमिका में दिखाई देंगे।

कांग्रेस में राहुल गांधी के और भी ज्यादा ताकतवर होते जाने के साथ, यह मान कर चलना सुरक्षित है कि इस बात का निर्णय वे ही लेंगे कि आगामी दिनों में कौन अन्दर रहेगा और कौन बाहर जायेगा।

### डॉ. सतीश...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रभारी नियुक्ति किया है। उत्तरप्रदेश से राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को प्रदेश सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

लोकसभा चुनावों में भी पार्टी ने सतीश पूनिया को हरियाणा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया था। चुनाव के दौरान सतीश पूनिया की सक्रियता ने खासी सुर्खियां बटोरी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा की सफल रैली आयोजित कराई। लेकिन हरियाणा में भाजपा इस बार क्लीन स्वीप नहीं कर पाई।

हरियाणा में 2019 में भाजपा ने दस सीटें जीती थी, लेकिन इस बार भाजपा 5 सीटें ही जीत पाई थी। लेकिन अब होने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी ने सतीश पूनिया को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी हैं।

- **हरियाणा में विधानसभा चुनावों से पूर्व राजस्थान में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पूनिया को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दिए जाने के राजनैतिक मायने निकाले जा रहे हैं।**

महेंद्र सिंह को मध्यप्रदेश का, नितिन नवीन को छत्तीसगढ़ का, विनोद तावडे को बिहार का, लक्ष्मीकांत वाजपेई को झारखंड का, कर्नाटक में राधा मोहन दास अग्रवाल, विजय रुपाणी को पंजाब का, श्रीकांत शर्मा को हिमाचल का, विजय सिंह तोमर को उड़ीसा का, अरुण चुघ को जम्मू कश्मीर का, प्रकाश जावेडकर को केरल का, संबित पात्रा को उत्तर पूर्व का प्रभार, आशीष सूद को गोवा का प्रभारी बनाया गया है।

# 'पॉक्सो कानून बने 2 साल हो गए पर फिर भी डी.एन.ए. जाँच के लिए पर्याप्त लैब क्यों नहीं?'

## राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने पॉक्सो प्रकरणों में अनुसंधान में देरी और डी.एन.ए. रिपोर्ट देर से आने पर चिंता जताई।**
- **हाई कोर्ट ने कहा, ऐसे केस में मंत्री 3 माह में जांच कराने का बयान देते हैं पर 6 माह तक मामला एफ.एस.एस. में ही नहीं जाता, दो-दो साल तक जाँच रिपोर्ट नहीं आती। इस वजह से पॉक्सो केस दस-दस साल तक चलते रहते हैं।**
- **हाई कोर्ट के महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि, राज्य सरकार डी.एन.ए. एवं एफ.एस.एल. जाँच के लिए बेहद गंभीर है और आगामी बजट में इस तरह की लैब्स के लिए बजट भी आवंटित करवाया जाएगा।**

जयपुर, 5 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पॉक्सो प्रकरणों में अनुसंधान में देरी और डी.एन.ए. रिपोर्ट समय पर नहीं आने पर गंभीर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि पॉक्सो कानून बने 12 साल बीत गए हैं, लेकिन अभी तक डी.एन.ए. जांच के लिए पर्याप्त प्रयोगशाला ही नहीं है।

अदालत ने कहा कि सरकार के मंत्री बयान देते हैं कि तीन माह में न्याय कराएंगे, लेकिन पुलिस छह माह तक प्रकरण को एफ.एस.एल. में ही नहीं भेजती। वहीं दो-दो साल तक इसकी रिपोर्ट नहीं आती। इस वजह से दस साल तक पॉक्सो केस लंबित रहते हैं, जबकि कानून में इन प्रकरणों को निस्तारित करने की समय सीमा तय की गई है। अदालत ने कहा कि जिन छोटी बच्चियों से दुष्कर्म हुआ है, उन पर क्या बीतती होगी। जस्टिस उमाशंकर ने यह टिप्पणी पॉक्सो प्रकरण से जुड़े एक मामले में की। अदालत ने राज्य सरकार को कहा कि वह इस संबंध में उचित कदम उठाए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद को बुलाकर पूछा कि एफ.एस.एल. और डी.एन.ए. रिपोर्ट समय पर क्यों नहीं आ रही। महाधिवक्ता ने कहा कि जांच रिपोर्ट समय पर लाने के लिए कई जगहों पर प्रयोगशालाएं खोली गई हैं। राज्य सरकार डी.एन.ए. और एफ.एस.एल. जांच को लेकर गंभीर है। इसके अलावा आगामी बजट में भी नई प्रयोगशाला के लिए बजट में राशि मंजूर करवाई जाएगी। महाधिवक्ता ने अदालत को आश्वस्त किया कि एफ.एस.एल. और डी.एन.ए. रिपोर्ट को कम समय में कोर्ट में पेश करवाया जाएगा, ताकि केसों की सुनवाई जल्दी पूरी हो सके।

### केन्द्र ने नीट -यूजी परीक्षा दोबारा कराने का सुप्रीम कोर्ट में विरोध किया

नयी दिल्ली, 05 जुलाई। केन्द्र सरकार ने स्नातक स्तर के मेडिकल समेत कुछ अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए हुई नीट 2024 और इसके घोषित किए गए परिणाम को रद्द कर इसे दोबारा आयोजित कराने की मांग वाली याचिकाओं का उच्चतम न्यायालय में विरोध किया है। केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दायर कर अपना पक्ष रखते हुए इन याचिकाओं का विरोध किया है। सरकार ने कहा है कि इस अखिल भारतीय परीक्षा की बड़े पैमाने पर गोपनीयता भंग होने के किसी भी सबूत के अभाव में नीट यूजी परीक्षा पूरी तरह से रद्द करने से लाखों अभ्यार्थियों को गंभीर नुकसान होगा। शिक्षा मंत्रालय ने कहा, अखिल भारतीय परीक्षा में गोपनीयता के बड़े पैमाने पर उल्लंघन के किसी भी सबूत के अभाव में पूरी परीक्षा और पहले से घोषित परिणामों को रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा।

### पहली बार लेबर पार्टी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दृष्टिकोण को रेखांकित करते रहे हैं।

उनके इन मनोभावों का उद्देश्य आपसी विश्वास को बढ़ाना और ब्रिटिश-इण्डियन कम्युनिटीज़ में समाहित होना है क्योंकि उनकी जनसांख्यिकी लेबर पार्टी की चुनावी गणित के लिए महत्वपूर्ण है।

पिछले वर्ष आयोजित इण्डिया ग्लोबल कोरम (आई.जी.एम.) में स्टारमर ने लेबर पार्टी के भारत यू.के. दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए घोषणा की थी कि ''आप सभी के लिए मेरा एक स्पष्ट संदेश है। लेबर पार्टी की मेरी सरकार हमारे साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और आकांक्षाओं के आधार पर भारत के साथ संबंध स्थापित करेगी।''

स्टारमर ने किंग्सबरी स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर की यात्रा के दौरान हिंदू विरोधी हेट क्राइम्स के खिलाफ कड़ा रूख अपनाने के संकेत देते हुए घोषणा की कि ''हिंदू फोबिया के लिए ब्रिटेन में कोई स्थान नहीं है।''

पिछले मुद्दों, खासकर कश्मीर पर लेबर पार्टी के रूख को स्वीकार करते हुए उन्होंने अपनी पार्टी के भीतर के ऐसे चरमपंथी विचारों को समाप्त करने का संकल्प लिया था जो भारत-यू.के. संबंधों को नुकसान पहुंचा सकते हों।

पार्टी अध्यक्ष एनालीज़ डॉट्ज़ ने घोषणा की कि लेबर पार्टी ने चरमपंथी विचारधारा वाले पार्टी सदस्यों को हटा दिया है। उन्होंने ब्रिटेन के भारतीय समुदाय का आव्हान करते हुए कहा था कि ''भारत विरोधी किसी भी घटना से उन्हें अवगत कराए जाने पर उस पर त्वरित कार्रवाई का वे वादा करती हैं।'' पार्टी का उद्देश्य लम्बे समय से अटके पड़े भारत-यू.के. एफ.टी.ए. पर काम करना और नवीन तकनीकियों, पर्यावरण तथा सुरक्षा सहयोग सहित इसका दायरा बढ़ाना है। आव्रजन की व्यापक चिन्ताओं के बावजूद उम्मीद है कि वीसा नीतियों, खासतौर पर यू.के. के सर्विस सैक्टर में इण्डियन वर्कर्स के लिए अस्थायी वीज़ा पर बातचीत की उम्मीद है।

यू.के. में भारतीय मूल की बढ़ती आबादी के मद्देनज़र लेबर पार्टी ने इस बार भारतीय मूल के कई उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था।

## राहुल गांधी हाथरस पहुंचे, पीड़ित परिवारों से मुलाकात की

हापुड़/नयी दिल्ली, 05 जुलाई। लोकसभा में विपक्ष की नेता तथा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी आज सुबह उत्तर प्रदेश के हाथरस शहर पहुंचे जहां उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर ढ ांढ स बंधाया और राज्य सरकार से खुले दिल से पीड़ितों को अनुग्रह राशि देने की मांग की। गांधी ने पीड़ित परिवारों के लोगों से मिलकर बात की और भगदड़ के कारण तथा परिवारों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। गांधी ने कहा, हाथरस हादसे के पीड़ित परिवारों से मिला, ''उन्हें ढ ांढ स बंधाया और हिम्मत दी। कांग्रेस दुख की इस घड़ी में हाथरस के पीडित परिवारों के साथ खड़ी है।'' उन्होंने कहा, पीड़ित परिवारों को सही मुआवज़ा मिलना चाहिए। ये लोग गरीब हैं। इनके मुश्किल वक्त में हम इनके साथ खड़े हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खुले हृदय से इन लोगों की पूरी तरह से आर्थिक मदद करनी चाहिए।

# दोनों राजधानियों, लंदन व वॉशिंगटन में दो ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

खो चुके थे। उनके इस्तीफे के तुरंत बाद, लिज़ ट्रस ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था।

लेकिन, अपने टैक्स प्रोग्राम्स और अस्त-व्यस्त आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें भी पद छोड़ना पड़ा। तब ऋषि सुनक ने पद संभाला।

सुनक एक प्रोफैशनल थे और सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे और पद छोड़ते हुए भी वो सबसे कम उम्र के पूर्व प्रधानमंत्री होंगे। तथापि, बोरिस जॉनसन के समय, चांसलर ऑफ द एक्सचैंजर के पद का अनुभव होने के बावजूद वो देश की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में असफल रहे, कीमतें आसमान छू रही थीं और आम आदमी भारी कठिनाइयां झेल रहा था।

इस कष्टकारी समय में, जनता के मन में उनकी व्यक्तिगत संपत्ति का बोध बहुत स्पष्ट था, और यह भी कि, उनकी पत्नी ब्रिटेन की सबसे अमीर महिला हैं। सुनक ने कोविड प्रतिबंधों के कारण काम नहीं कर पा रहे लोगों को समर्थन देकर बहुत अच्छा काम किया था। लेकिन, कोविड के बाद उन्हें टैक्स बढ़ाने पड़े।

इसी बीच चर्चा है कि उनकी पत्नी टैक्स अदायगी से बचने के लिए ब्रिटेन में कानूनी रास्ते तलाश रही हैं। उनकी दौलत और शैक्षणिक पृष्ठभूमि उन्हें आम लोगों से अलग करती है।

अमेरिका में डॉनल्ड ट्रम्प के साथ बहस में जो बाइडन के खराब प्रदर्शन के बाद डैमोक्रेटिक पार्टी में बाइडन की जगह कमला हैरिस को प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा चल रही है।

स्थिति यह है कि पार्टी में हैरिस के ''रनिंग मैट'' की तलाश हो रही है। यह धारणा जोर पकड़ रही है कि ट्रम्प को हैरिस ही सही जवाब दे सकती है। बाइडन के साथ प्रचार दौरान वे यह काम बखूबी कर रही हैं।

ट्रम्प खेमे को भी यही उम्मीद है इसलिए ट्रम्प ने हैरिस पर हमले तीव्र कर दिए हैं इसके अलावा जैसे ही हैरिस को बाइडन की जगह दावेदार बनाया जाता है वैसे ही बाइडन का प्रचार फंड, विशेषज्ञ टीम व स्टाफ सब हैरिस को मिल जाएगा।

एक विशेषज्ञ ने कहा कि हैरिस को प्रत्याशी घोषित करना, जबकि चुनावों में बहुत कुछ दांव पर लगा है, जीतने की रणनीति है। ट्रम्प विरोधी गठबंधन डैमोक्रेटिक पार्टी के रनिंग मेट व उपराष्ट्रपति की ताकत को कमतर आंकना वहन नहीं कर सकता है। वह जीत का एकमात्र यथार्थ विकल्प है।

अगर हैरिस जीत गई तो वह इतिहास रचेंगी। वह पहली एशियन होंगी जो अमेरिका की राष्ट्रपति बनेंगी तथा पहली महिला राष्ट्रपति भी होंगी। भले ही अभी ऐसा नहीं हो, पर एक दिन अवश्य होगा।

**सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-**राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908